>

Title : Further discussion on Demands for Grants Nos. 1 to 3 under the control of the Ministry of Agriculture and on Demands for Grants Nos. 16 and 17 under the control of the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution.

.

MADAM SPEAKER: The House will now take up further discussion and voting on Demands for Grants of Ministry of Agriculture and Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution for 2009-10. Now we will take up Sr. No. 11and 12.

Shri Jagdambika Pal to continue.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदया, मैं अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे देश के अत्यंत महत्वपूर्ण कृषि के बजट, जो कि माननीय कृषि मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, के समर्थन में बोलने का अवसर दिया। मैं अपनी कुछ बातों को पहले कह चुका हूं, इसलिए आज मैं अपने कुछ सुझाव देना चाहूंगा।

महोदया, आज पूरे देश में ऐसी परिस्थितियां निर्मित हुई हैं कि जून माह में जितनी वर्षा होनी चाहिए थी, उतनी वर्षा नहीं हुई है, सामान्य वर्षा से कम वर्षा हुई है और जुलाई माह में भी सामान्य से कम वर्षा हुई है। देश के तमाम हिस्सों, खासकर उत्तरी भारत के पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार में सूखे की स्थिति पैदा हो गयी है। आज प्रदेश में नारे तो लग रहे हैं कि दलहन तिलहन की सहफसली खेती, संतुलित भोजन और सुखी जीवन देती, बढ़े मृदा स्वास्थ्य धरा हो पोषक तत्व से भरपूर, टिकाऊ उत्पादन हो शरीर को प्रोटीन मिले जरूर। कहां से प्रोटीन मिलेगा शरीर को अगर आज केन्द्र द्वारा दिए जा रहे पैसे का राज्य सरकारों द्वारा खर्च नहीं होगा। पूरे देश में हरित क्रान्ति के माध्यम से सेरियल्स, दाल या चावल के उत्पादन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास हुआ, लेकिन डा.स्वामीनाथन जी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आज केवल हरित क्रान्ति पर्याप्त नहीं है। आज देश में जो परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, कृषि योग्य जमीनों को राज्य सरकारें अधिग्रहीत कर रही हैं जैसे उत्तर प्रदेश में आज नोयडा से दादरी और बुलन्दशहर तक प्राइवेट बिल्डर्स को कालोनियां बनाने के लिए हजारों एकड़ उपजाऊ जमीन कौड़ियों के भाव पर अधिग्रहीत करके दी जा रही है, जिससे आज वहां किसानों में असंतोष है और किसानों के ऊपर इसके लिए गोलियां तक चलीं, पांच-पांच किसान मारे गए।...(व्यवधान) आज यह स्थिति है। हरियाणा में तो हो रहा है। आपने समझौता कराया है, लेकिन जिस तरह की परिस्थितियां निर्मित बनी हैं, आज मैं मांग करना चाहता हूं कि प्राइवेट बिल्डर्स या कालोनाइजर्स के लिए राज्य सरकार को जमीन अधिग्रहीत नहीं करनी चाहिए। राज्य सरकार का यह अधिकार केवल सरकारी परियोजनाओं के लिए है। अगर निजी क्षेत्र में कोई जमीन लेना चाहता है तो वह मार्केट दर पर किसान से सीधे निगोसिएशन करे और जब किसान अपनी जमीन उसे बेचे, तभी उस पर निजी क्षेत्र में कोई योजना आ सके। अगर राज्य सरकार कोई खरीद करती है, तो जिस हरियाणा का जिक्र किया गया है, उसके पैटर्न पर यह होना चाहिए कि जो बाजार दर के हिसाब से किसान को मूल्य मिलना चाहिए, 25 वर्षों तक उसे प्रति एकड़ 5,000 रूपए मिलने चाहिए और उसके परिवार को नौकरी मिलनी चाहिए। यह जमीन अधिग्रहण करने का हरियाणा पैटर्न है। आज उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की हितैषी नहीं रह गयी है।...(व्यवधान) पुलिस के बल पर जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। ...(व्यवधान) माननीय सदस्य को तकलीफ क्यों हो रही है। आपको जब मौका मिलेगा, तब बोलिएगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग बैठ जाइए। माननीय सदस्य को अपनी बात कहने दीजिए।

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): महोदया, माननीय सदस्य गलती से यहां आ गए हैं। इनको विधानसभा में रहना चाहिए था।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग बैठ जाइए। उनको बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग बैठ जाइए, माननीय सदस्य को बोलने दीजिए।

श्री जगदम्बिका पाल : महोदया, बहुत महत्वपूर्ण सुझाव दे रहा हूं। आज सप्तक्रांति की आवश्यकता है जिसके बारे में डा.स्वामीनाथन जी ने कहा है। सप्त क्रान्ति में पहला बिन्दु है मार्केटिंग। किसानों के लिए बाजार उपलब्ध हो जहां पर वे अपने उत्पादों को खुले बाजार में बेच सकें और उनकी उत्पादन लागत से लाभप्रद मूल्य मिल सके। इसके लिए निश्चित तौर से राज्य सरकारों को एक हिदायत देनी पड़ेगी क्योंकि आज किसानों के उत्पादों के लिए मार्केटिंग की, विपणन की व्यवस्था नहीं है। दूसरी बात एक्सटेंशन है। सप्त क्रान्ति के बिना आने वाले दिनों में गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो जाएंगी। जिस तरह से जमीन पर आज बिल्डिंग, स्कूल-कॉलेज, फैक्ट्री, उद्योग, कालोनी आदि बन रही हैं, उससे जमीन का दायरा सिकुड़ता जा रहा है, जनसंख्या बढ़ती जा रही है, अगर हमने उत्पादन नहीं बढ़ाया, पैदावार नहीं बढ़ाई तो निश्चित रूप से देश के समक्ष एक गंभीर संकट पैदा होगा।

एक्सटेंशन में जो आज देश के कृषि विश्वविद्यालयों की प्रयोगशालाओं में शोध हो रहे हैं, लेबोरेटरी से लैंड तक उस तक्नीक को ट्रांसफर करें, जिससे कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध द्वारा विकसित तक्नीक किसान के खेत में जाएगी तो हमारी ईल्ड बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा।

उत्तर प्रदेश में आज 91 प्रतिशत स्माल और मार्जिनल फारमर्स हैं। उनके लिए कौन सी हाईब्रीड दे रहे हैं, कौन सा शोध सरकार दे रही है। आज प्रदेश सरकार को इसकी चिंता नहीं है, उसे तो केवल पार्क बनाने, मूर्तियां और स्मारक बनाने की चिंता है। जबकि वहां इरीगेशन और वाटर मैनेजमेंट की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।...(व्यवधान) मैं बहुमूल्य सुझाव दे रहा हूं, कृपया आप सुनें। मैं सप्त क्रांति के सात बिंदुओं पर प्रकाश डाल रहा हूं। उत्तर प्रदेश में सिंचाई का समुचित प्रबंध होना चाहिए। इरीगेशन और वाटर मैनेजमेंट के साधन होने चाहिए। उसके लिए मशीनों का उपयोग होना चाहिए। अगर मानसून नहीं आया तो देश की आजादी के 61 वर्ष बाद भी यह केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और किसानों के लिए चिंता का विषय हो जाएगा।

आज वर्षा के जल का संचयन बहुत जरूरी है। जब वाटर हार्वेस्टिंग की बात आती है। बारिश के पानी के संचयन और संवर्द्धन की बात होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदया: अब आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री जगदम्बिका पाल : मैं अपने सात बिंदु कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। सॉयल हैल्थ की बात है, केवल खाद डालकर पैदावार को बढ़ाएंगे तो इससे नुकसान होगा। आज पंजाब और हरियाणा की यह स्थिति है कि वाटर स्ट्रेटा नीचे चला गया है। हरियाणा में 600 से 1000 फीट तक पानी नीचे चला गया है। जो पुराने टयूबवैल लगे थे, वे बेकार साबित हो रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी भूजल का स्तर 500 से 1000 फीट नीचे जा रहा है। आने वाले दिनों में अगर पानी का जल स्तर लगातार नीचे जाएगा तो हमें चिंता करनी होगी कि हम अपनी जमीन के, सॉयल के हैल्थ को खराब करने में कब तक केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल करते रहेंगे।

मेरा पांचवां बिंदु है बीज प्रबंधन। हम अच्छा बीज जमीन में डालें तो 15 से 20 प्रतिशत अधिक उत्पादन बढ़ सकता है। इसका समय से उपयोग राज्य सरकारों को करना चाहिए। हमारे प्रदेश में जितनी भी कृषि से सम्बन्धित सहकारी समितियां थीं, वे सारी बंद पड़ी हैं। आज किसी भी कृषि सहकारी समिति से खाद नहीं मिल रही है और पैसा भी नहीं मिल रहा है। ...(व्यवधान)

मैं सप्त क्रांति के छठे बिंदु पर प्रकाश डालना चाहता हूं कि जो नियंत्रीकरण और शोध है, इस तरीके से मेकेनाइजेशन और रिसर्च होना चाहिए और यह भी आज जरूरी है कि आईसीएआर की तरफ से जो स्कीम्स जा रही हैं, उनका राज्य सरकारों में 20 प्रतिशत खर्च दूसरी मदों से कर दिया जाए। इसलिए मैं कृषि मंत्री जी से चाहूंगा कि वह आज इस बात की घोषणा करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा जिन योजनाओं में पैसा दिया जाता है, उस पैसे का सही जगह इस्तेमाल होना चाहिए। इस बात को देखने के लिए अपने मंत्रालय से स्तर पर कोई कमेटी बनाएं, जिसमें कृषि वैज्ञानिक रहें और जो समय-समय पर इसकी समीक्षा करे।

मैं अंतिम बात कहना चाहता हूं। कृषि का डाइवर्सिफिकेशन होना चाहिए। हम पहले चावल, गेहूं और दाल पर ही ध्यान देते थे। अब दलहन-तिलहन की बात हो रही है। इसके अलावा हमें सेरी कल्चर, फ्लोरीकल्चर की बात करनी चाहिए, हार्टिकल्चर की बात करनी चाहिए।

इसके अलावा भी मेरे पास कई बिंदु हैं, लेकिन समयाभाव के कारण मैं अपनी बात यहीं समाप्त करता हूं।

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद): महोदया, हमारे बीएसपी के मित्र किसी को बोलने नहीं देते हैं। अगर किसी का नाम आए तो कहते हैं कि यह नहीं कहना। मैं उनसे आग्रह करूंगा कि यह उत्तर प्रदेश विधान सभा नहीं है, लोक सभा है। आप थोड़ा धैर्य से बैठें और बातों को सुनें।

कृषि इतना महत्वपूर्ण विषय है कि आज आजादी के 62 वर्षों बाद भी हमारा देश कृषि प्रधान है और यहां की 72 फीसदी आबादी खेत और उसके कार्यों में लिप्त है। हमें ताज्जुब यह है कि एक तरफ शरद पवार जी कृषि मंत्री हैं और खुद कृषक भी हैं। उन्होंने अपने बारामती क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया, खेती से लेकर औद्योगीकरण तक वहां कर दिया।

लेकिन कृषि का कायाकल्प हो नहीं पा रहा है, उत्पादन बढ़ने के बजाए लगातार घटता चला जा रहा है। आज हमारी आबादी 2.7 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ रही है जबकि कृषि उत्पादन कम हो जा रहा है। लगता है कि आने वाले दस वर्षों के अंदर हम अपनी जनता को अनाज उत्पादन करके खिला नहीं पाएंगे, वरन् हमें अनाज का बाहर से आयात करना पड़ेगा। भारत के किसानों ने कृषि में पहली हरित क्रांति की और हमारे देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। इस क्रांति को हुए 20 साल हो गये हैं, लेकिन किसानों को उससे क्या मिला? आज आप भरसक प्रयास कर रहे हैं कि खेती में दूसरी हरित-क्रांति हो, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। ऐसा इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि कृषि को जो दर्जा मिलना चाहिए था वह आज तक नहीं मिला। उद्योगपतियों का हजारों करोड़ रुपया बट्टे-खाते में डाल दिया जाता है। किसानों का आपने 72 हजार करोड़ रुपया माफ किया, लेकिन उसमें 36 फीसदी लोग कर्ज

बैंक्स से लेते हैं और 26 फीसदी लोग साहूकारों पर आश्रित रहते हैं। यह आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता है। हमें अफसोस है कि इस बारे में आज तक आपने कोई नीति नहीं बनाई कि उन साहूकारों का कर्जा जो किसानों पर है, आप माफ करेंगे या नहीं।

आपने घोषणा कर दी कि जो किसान सही समय पर अपना ऋण अदा कर देंगे, उन्हें 6 प्रतिशत तथा और लोगों को 7 प्रतिशत की दर पर ऋण देंगे। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि नाबाड 4 प्रतिशत पर लोन लेता है, आप उसी दर पर या उससे कम दर पर किसानों को ऋण क्यों नहीं दे सकते हैं? आज हमारे किसानों की आर्थिक हालत अच्छी नहीं है। आज महाराष्ट्र के विदर्भ में तथा केरल, कर्नाटक में किसान आत्महत्या कर रहा है। आपके पैकेज देने के बाद भी किसान आत्महत्या कर रहा है। आजाद भारत के में किसान आत्महत्या करे, इससे बड़ी चिंता की बात और क्या हो सकती है? ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि उसे कृषि से उतनी आमदनी नहीं होती, जितनी की कृषि में उसकी लागत लगती है। किसान के घर का लड़का अगर ऑफिस में चपरासी बन जाए तो वह उस नौकरी को कबूल कर लेगा, लेकिन कृषि में काम करना कबूल नहीं करेगा।

मान्यवर, आज देश में कृषि की जो स्थिति है, उसके कुछ आंकड़े भी देना चाहूंगा। मान्यवर, वर्ष 1947 से कृषि का हिस्सा, जीडीपी में, धीरे-धीरे कम होता चला गया और उद्योग का हिस्सा ज्यादा होता चला गया। उसी का नतीजा है कि आज केवल 58 फीसदी लोगों को कृषि में काम मिलता है जबकि उद्योग में इसके मुकाबले में कहीं कम काम मिलता है, लेकिन किसानों को उसके लागत की जो कीमत मिलनी चाहिए, नहीं मिलती है। मुझे याद है, उस दिन माननीय मुलायम सिंह यादव जी इस सदन में कहा था कि मूल्य निर्धारण समिति ने सिफारिश की है कि 1300 रुपये गेहूं के लिए और 1500 रुपये धान के लिए यानी 50 फीसदी लागत से ज्यादा पैसा किसान को देना चाहिए। आपको एक बात के लिए मैं बधाई देना चाहता हूं कि एनडीए सरकार के मुकाबले में आपने किसानों को 350 रुपये ज्यादा दिये हैं।

आज भी अगर आप उत्पादन लागत देखें, तो आप देखेंगे कि किसान को अपनी उत्पादन लागत भी नहीं मिलती है। इसी कारण किसान परेशान हैं, किसान खुशहाल नहीं हो पा रहे हैं। गांवों में जब तक किसानों की खुशहाली नहीं होगी, हमारी जीडीपी ग्रोथ रेट नहीं बढ़ सकती है। मैं बताना चाहता हूं कि आजाद भारत में वर्ष 1999 और 2000 तक कृषि का 17.8 प्रतिशत योगदान था, जो वर्ष 2007-08 में घटकर 12.2 प्रतिशत रह गया है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि देश में कृषि की क्या स्थिति है। भारत के किसान न केवल भारत के लोगों को, बल्कि दुनिया को भी खिला सकते हैं। आप कृषि मंत्री हैं आप चीन भी गए थे। चीन ने हमसे बाद में कृषि का काम शुरू किया था और आज हमारे मुकाबले में चीन में तीन गुना ज्यादा उत्पादन हो रहा है। हम ज्यादा उत्पादन क्यों नहीं कर पा रहे हैं? इज़्राइल छोटा सा देश है, जहां बिना पानी के ड्राई खेती करके हमसे बेहतर अन्न पैदा किया जा रहा है, जबकि वहां पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं है। मंत्री जी, आपने प्रिंगक्लिंग वाटर की व्यवस्था की है, लेकिन जब बिजली नहीं होती है, तो उपकरण कैसे चलेंगे? अगर उपकरण नहीं चलेंगे, तो सिंचाई नहीं हो पाएगी। पूरे देश में 338.7 बिलियन हेक्टेयर खेती होती है, जिसमें 62 साल की आजादी के बाद सिर्फ 85.8 फीसदी सिंचाई की व्यवस्था हो सकी है। इसका मतलब मात्र 38 फीसदी सिंचाई हम कर पा रहे हैं। इस बजट में आपने जो प्रावधान किया है, इससे लगेगा कि आने वाले तीन-चार दशक बाद भी 100 फीसदी भूमि पर सिंचाई नहीं कर पाएंगे। कुछ दिन पहले माननीय मुलायम सिंह और शरद यादव जी ने सूखे का प्रश्न उठाया था। उससे संबंधित आपका बयान मैंने पढ़ा और मुझे आश्चर्य भी हुआ। आपने कहा कि आज 70 फीसदी जमीन पर बुआई हो चुकी है। हकीकत यह है कि पूरे उत्तर भारत में 70 प्रतिशत भूमि परती पड़ी है और उसमें आज तक बुआई नहीं हुई है। इससे ज्यादा भी भूमि हो सकती है। आज स्थिति यह है कि केवल सूखा ही नहीं पड़ा है, अकाल की स्थिति हो गई है। आज केवल आदमी ही नहीं, जानवर भी परेशान हैं। अगर यही स्थिति रही, तो जो आपने कृषि की जीडीपी दर चार प्रतिशत रखने की बात कही है, वह कभी नहीं होगी। माननीय वित्त मंत्री जी ने 9 प्रतिशत का आंकड़ा सदन में रखा है कि विकास दर 9 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, मुझे लगता है कि यह विकास दर घट कर छह प्रतिशत आ जाएगी और कृषि की विकास दर चार प्रतिशत से घटकर दो-ढाई फीसदी पर आ जाएगी।

माननीय शरद जी, मैं आपको एक बात यह भी बताना चाहता हूं कि भारत पूरी दुनिया में फल और सब्जी के क्षेत्र में दूसरे नंबर पर है। विश्व में सबसे ज्यादा दूध पैदा करने वाले देशों में एक भारत है। लेकिन हो क्या रहा है? आप किसान से सस्ते दाम पर दूध खरीदते हैं और आम जनता को मिल्क डेयरी में फुल क्रीम दूध 26 रुपए लीटर मिलता है। आप आम किसान से 10 या 11 रुपए में वैट के अनुसार दूध खरीदते हैं। हमारे देश में 40 फीसदी फल-सब्जियां खराब हो जाती हैं और आपने इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं की। आपने इसके लिए न तो कोल्ड स्टोरेज बनाया और न ही इसे स्टोर करने की जगह बनाई, इस वजह से 40 फीसदी फल-सब्जियां खराब हो जाती हैं।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि 57 फीसदी लोग खेती पर आश्रित है और इसमें से 48 फीसदी लोग कर्जदार हैं। इससे आप समझ सकते हैं कि हमारी कृषि की वास्तविक स्थिति क्या है? मैं एक आंकड़ा प्रस्तुत करना चाहता हूं - वर्ष 1997-98 में कृषि विकास दर 3.5 प्रतिशत थी वह घटकर वर्ष 2007-08 में 2.2 से कुछ ज्यादा हो गई है। हम खेती को कहां ले जाना चाहते हैं? आपने अभी गेहूं की 1085 घोषणा की और धान की भी की, लेकिन क्या हुआ? मैं उत्तर प्रदेश की बात बताना चाहता हूं कि किसान को औने-पौने दाम पर गेहूं और धान बेचना पड़ा, 800-900 रुपए में बेचना पड़ा। किसान कहां जाएगा? पीडीएस पूरी तरह से फ्लाप हो गया है, असफल हो गया है। यह गरीबों और किसानों को नहीं मिलता है, यह बाजार में मिलता है, चाहे जिस भाव में खरीद लीजिए। क्या आपने कभी सोचा? आप तो कह देंगे कि प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। आपने अनाज, गेहूं और चावल दो, तीन रुपए किलो तय किया है। लेकिन क्या वह मिलेगा?

महोदया, मैं आपको एक और आंकड़ा बताना चाहता हूं कि आपने 28 फीसदी बीपीएल कार्ड बनाए हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आप ही के विभाग के, एन.सी. सक्सेना, फूड कमिश्नर की रिपोर्ट है कि आज 50 फीसदी लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए हैं। क्या आप इसका पुनर्निरीक्षण कराएंगे? अगर नहीं कराएंगे तो क्या इसका फायदा किसानों और गरीबों को मिलेगा? गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के अनाज मिलेगा ही नहीं। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि इस संबंध में एक श्वेत पत्र लोकसभा में रखिए कि आज 62 साल की आजादी के बाद कृषि की क्या स्थिति है। आप केवल बजट भाषण में बोल देंगे लेकिन इससे इन बातों का समाधान नहीं हो पाएगा। आप किसान हैं इसलिए जो लागत आती है, किसान होने के नाते आपको खुद ही मालूम है ।

जब आपको खुद ही मालूम है तो उसे किसानों को देने में हर्ज क्या है। उसे पचास फीसदी और ज्यादा करके किसानों को दे दीजिए। देश में दूसरी हरित क्रांति हो जायेगी और उसमें किसी विदेशी सहायता की जरूरत भी नहीं होगी।

महोदया, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो कैमिकल फर्टिलाइजर है।

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

श्री रेवती रमन सिंह : जो आपका कैमिकल फर्टिलाइजर है, यह खेतों की उर्वरा शक्ति को खत्म करता जा रहा है। इसलिए आप बॉयो-फर्टिलाइजर की बड़ी-बड़ी फैक्टरियां खुलवाइये, चाहे निजी क्षेत्र में खुलवाइये या सरकारी क्षेत्र में खुलवाइये और सामंजस्य बनाकर खेती कराइये।

महोदया, हमारे पशुधन पर पूरी खेती आधारित है। लेकिन आज गांवों में कहीं गोबर नहीं मिलता है। दो सौ, तीन सौ रुपये के सौ कंडे गांव में मिलते हैं। आज यह स्थिति हो गई है। पहले हर किसान जानवर पालता था। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि किसानों को सस्ती दर पर गाय और भैंस खरीदने के लिए बैंकों से कर्जे दिलवाइये, जिससे उसकी आमदनी बढ़ेगी, बॉयो-फर्टिलाइजर बनेगा और आपकी इकोनोमी भी बदलेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने एग्रीकल्चर के बजट पर मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं पहले यह बता दूं कि मैंने पूरे विस्तार में अपनी स्पीच तैयार की है और मैं उसे सदन के पटल पर रख दूंगा।

अध्यक्ष महोदया : बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री विजय बहादुर सिंह : लेकिन इतनी जल्दी नहीं रखूंगा। परंतु मैं इतने संक्षेप में अपनी बात बताऊंगा कि आप आश्चर्यचकित हो जायेंगी। मैं सबसे पहले कहना चाहता हूं कि चार जून को माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह लिखा गया था कि कृषि और सिंचाई को बढ़ाया जाए और राष्ट्रीय बागवानी मिशन को भी बढ़ाया जाए। इसी के साथ मैं वित्त मंत्री जी के भाषण के बारे में बताना चाहता हूं कि कृषि में उन्होंने एक परसैन्ट का बजट दिया है। उन्होंने लिखा है कि 62 परसैन्ट जनता कृषि पर आधारित है। एग्रीकल्चरिस्ट और एग्रीकल्चर कनैक्टिड 62 परसैन्ट लोग देश में हैं, परंतु 62 परसैन्ट जनता के लिए एक परसैन्ट बजट रखा गया है और 38 परसैन्ट जनता के लिए 99 प्रतिशत बजट रखा गया है। इससे कृषि का विकास नहीं हो सकता। एक हजार करोड़ रुपया कृषि में इरिगेशन की मद में दिया हुआ है। लेकिन एक हजार करोड़ रुपये में आज एक डैम भी नहीं बन सकता। जब वित्त मंत्री जी का ऐसा भाषण है तो कृषि के बारे में कोई विकास हो ही नहीं सकता। अतः हमें लगता है कि हमारे वित्त मंत्री जी प्रैसीडैन्ट साहब के भाषण से जो बागवानी के लिए लगता है, उस पर उन्होंने ज्यादा ध्यान दिया। लेकिन इससे किचन गार्डन की भी सिंचाई नहीं हो सकती। यह वित्त मंत्री जी का बजट है।

इसके साथ ही डा.मनमोहन सिंह, माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी भाषण दिया, जो कई अखबारों में प्रकाशित हुआ कि 15 साल से किसान और खेती में एक परसैन्ट की वृद्धि नहीं हुई है। स्टेट्समैन में इस बारे में एडिटोरियल है। इसके बाद जो आंकड़े आए हैं, उनके अनुसार खेती का प्रोडक्शन निरंतर घट रहा है। इसे समाजवादी पार्टी के श्री रेवती रमन सिंह जी भी स्वीकार करते हैं। इलाहाबाद जैसे जनपद में 32 परसैन्ट जमीन हर साल एक्वायर हो रही है।

महोदया, अब मैं डायरेक्ट किसान की बात पर आना चाहता हूं। कृषि में तीन चीजें होनी चाहिए। प्रथम उत्पादन, फिर उस पर उत्पादन का मूल्य और फिर उसकी व्यवस्था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हाई कोर्ट में वकालत करने से पहले मैं 1965 में खेती करने गया था। क्योंकि सीलिंग के बाद जो जमीन बची थी, वह पर्याप्त मात्रा में थी। मैं दो साल खेती में फेल हो गया और फॉर्मर का अगर मतलब समझा जाए तो फॉर्म में मर। आजकल खेती में आज जिस तरह से काम चल रहा है, उससे इसका विकास होने की कोई संभावना नहीं है। मैं बता रहा हूं कि इस साल उत्पादन में भारत सरकार ने गेहूं का मूल्य 1080 रुपये निर्धारित किया है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपको कैलकुलेशन की बात बता दूं कि गेहूं पैदा करने के लिये 950 रुपये या 1000 रुपये प्रति क्विंटल उत्पादन मूल्य है, उसमें 80 रुपये की बचत होती है। अगर उसमें किसान के परिवार की मजदूरी लगा दी जाये तो वह लागत 3000 रुपये प्रति क्विंटल हो जाती है। मैं उत्तर प्रदेश के महोबा-हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आता हूं जो खज़राहों से लगा हुआ है। अभी मैंने वहां भ्रमण

किया तो देखा कि सरकार ने गेहूं का मूल्य 1080 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया था लेकिन आढ़तियों और बिचौलियों के बीच में गेहूं 800-900 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जा रहा था। इसके अलावा एक और उदाहरण देना चाहूंगा कि किसान वैजिटेबल फार्मिंग के तहत तीन महीने में गोभी पैदा करता है। उस गोभी को ट्रैक्टर ट्राली में लादकर मंडी ले जाता है। उस गोभी के एक फूल का दाम आढ़ती एक रुपया लगाता है। किसान के पास और कोई विकल्प नहीं है। वही गोभी का फूल पैक होकर इलाहाबाद और कानपुर शहर के लिये 5 रुपये में जाता है। वही आढ़ती उस एक गोभी के फूल को दिल्ली या मुम्बई के लिये 25 रुपये में बेचता है। इस खेती से किसान के बजाय आढ़तियों को ज्यादा प्रॉफिट होता है। यह किसान की हालत है।

अध्यक्ष महोदया, अगर खेती की बात करते वक्त सिचाई की बात न की जाये तो यह वैसा ही होगा कि कार ले ली जाये और पैट्रोल की बात मत करिये। जब तक सिंचाई के प्रति ध्यान नहीं दिया जायेगा, ग्लोबल वार्मिंग के चलते इसके प्रोडक्शन में दिक्कतें आयेंगी। सिंचाई के लिये लांग टर्म और शार्ट टर्म की बात आती है। मैं पहले लांग टर्म की बात बताना चाहता हूं। जैसे रेनवाटर हारवैस्टिंग, लिफ्ट कैनाल, छोटे-छोटे डैम बनवाना, बरसाती पानी रोकने के लिये चैक डैम बनवाना, छोटे-छोटे कैनाल होना और जैसा रेवती रमन सिंह जी ने कहा है कि ड्राई फार्मिंग इज़राइल के फार्मूले पर, ड्रिप फार्मिंग की कहीं चर्चा नहीं है। लगता है कि जब कृषि के लिये बजट बनाया जाता है, चाहे वह वित्त मंत्रालय में हो या कृषि मंत्रालय में हो, ब्यूरोक्रैट्स की मानसिकता स्टॉक एक्सचेंज, सैंसेक्स और 5-स्टार तक सीमित है और कृषि उत्पादन के पाइंट्स को अड्रेस नहीं करते हैं।

अध्यक्ष महोदया, अब मैं बिजली के बारे में बताना चाहूंगा। उत्तर प्रदेश में पिछले 40 साल से बिजली का अकाल चल रहा है। इस समय उत्तर प्रदेश में 7400 मेगावॉट बिजली बन रही है। उत्तर प्रदेश में केन्द्र सरकार की दो कम्पनियां बिजली बना रही हैं। वे 60 प्रतिशत बिजली दूसरे राज्यों को और 40 प्रतिशत उत्तर प्रदेश को देते हैं। हमें लगता है कि उत्तर प्रदेश के किसान को जानबूझकर परेशान किया जाता है ताकि उत्तर प्रदेश सरकार की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लग सके। मैं आपके माध्यम से खासकर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वह बीसीसीआई की तरफ कम ध्यान दें, कृषि मामलों पर ज्यादा ध्यान दें। जब तक कृषि की उन्नति नहीं होगी, तब तक भारत ने जो सपना देखा था और जिसके लिये आजादी आयी थी, वह अधूरा रह जायेगा। अगर 15-20 दिन मौनसून और डिले हो जाये तो त्राहि-त्राहि मच जायेगी। आप भी गरीब किसान परिवार से आते हैं और किसानों की हालत इतनी खराब है। अभी बजट में आया कि 7-अल्ट्रा मॉडल बजली प्लांट बन रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश के लिये एक भी प्लांट नहीं दिया गया है जहां 78 प्रतिशत बिजली की कमी है। उसका मुख्य कारण यह है कि उत्तर प्रदेश में बीएसपी,. की सरकार है और केन्द्र में यूपीए की सरकार है जो 36 का आंकड़ा है...(व्यवधान)

मैं यह कह रहा हूं कि 7 अल्ट्रा मेगा प्लांट में से उत्तर प्रदेश को एक भी नहीं दिया गया है। मैं तीसरी बात यह कहना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

श्री विजय बहादुर सिंह : महोदया, मैं एक सेकेंड में समाप्त कर रहा हूं। मैं अंत में बताना चाहता हूं कि बाटा कंपनी 300 रूपए की चप्पल बनवाकर बाजार में दो हजार रूपए में बेचती है और कंपनी अपने नाम से वायदा करती है।...(व्यवधान) सपा वालों को, उनकी गलती नहीं है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप विषय पर बोलिये।

श्री विजय बहादुर सिंह : महोदया, मैं समाप्त कर रहा हूं।...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): किसान बहुत प्रभावित है और उसके लिए कुछ नहीं किया जा रहा है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप शांत रहिए। आप बिल्कुल शांत रहिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

SHRI VIJAY BAHADUR SINGH : Madam, I would just request you to give me ten seconds to finish my speech. I am concluding my speech.

MADAM SPEAKER: But you had said that you will be very brief and that you will surprise me. अब आप समाप्त कीजिए।

श्री विजय बहादुर सिंह : मैं कहना चाहता हूं कि प्रोडक्शन यानी कि जो उत्पादक है, किसान है, अन्नदाता है, वही भूखा है। मेन प्रॉफिट किसान के हिस्से में जाना चाहिए और यह बिचौलिया, ट्रांसपोर्टर और आड़तियों के हिस्से में नहीं जाना चाहिए।

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): महोदया, जो मदद केंद्र सरकार से जाती है वह उत्तर प्रदेश में गायब हो जाती है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठिए। आप क्यों खड़े हो गये हैं, आप क्यों बोल रहे हैं? उन्हें बोलने दीजिए, उनका टर्न है।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बोलिए और अब आप समाप्त कीजिए। आपका समय समाप्त हो गया है। आप अपना बाकी भाषण सभा पटल पर रख दीजिए।

श्री विजय बहादुर सिंह : महोदया, आप इजाजत दें तो जो मैंने समराइज्ड करने की कोशिश की है, उसे सदन के पटल पर रख देता हूं।

*सर्वप्रथम 4 जून, 2009 भारत के राष्ट्रपति का 15वीं लोक सभा के चुनाव के बाद आपने अभिभाषण में पैराग्राफ 17 मे यह कहा था-- " कृषि और सिंचाई में गति को बढ़ाया जायेगा, उसमें कृषि विकास, खाद्य सुरक्षा मिशन और राष्ट्रीय बागवानी मिशन को बढ़ाये जाने का इच्छा प्रगट की थी "।

परन्तु ठीक एक महीने बाद 6 जुलाई 2009 को मा. वित्त मंत्री जी ने अपनी बजट भाषण 2009-10 में लगता है यह सब राष्ट्रपति के भाषण भूल गये और पेज 6 पैराग्राफ 27, 28, 29, 30 में यह माना कि 60 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है ओर 6-7 प्रतिशत Interest Growth को घटाकर कृषि के विस्तार का चैप्टर समापत कर दिया और 71 हजार करोड़ का लोन फेवर जो 2008-09 में दिया था, उसमें अपनी पीठ थपथपाने का काम किया। इसमें खेती का उत्पादन तो नहीं बढ़ा परनतु थोड़ा सा कांग्रेस का वोट बैंक इसीलिए इनकी मानसिकता है कि लोन देकर ही खेती में तरक्की हो सकती है इस सोच को मूलभूत परिवर्तन चाहिए। उदाहरणस्वरूप इस बजट में सिर्फ एक हजार करोड़ सिंचाई में दिया है उससे खेती में विकास नहीं होता है। लगता है हमारे मा. वित्त मंत्रजी राष्ट्रपति जी के अभिभाषण की पैराग्राफ 17 की अन्तिम लाईन उनको याद थी, जिसमें राष्ट्रीय बागवानी मिशन को बढ़ाने की बात की थी। ये किचन गार्डेन में सिंचाई से भारत की कृषि और कृषिकों की दशा का सुधार होने वाला नहीं है।

कृषि के विकास की योजना दो भागों में बांटी जा सकती है।

1. लांग (दीर्घ) टर्म प्लानिंग

2. शार्ट (लघु) टर्म प्लानिंग

कृषि के उत्पादन की वृद्धि निम्नलिखित भागों में जरूरत है।

1. सिंचाई

2. बिजली

3. अनाज की कीमत (remunerative price)

4. Infrastructure- बिजली, सड़क, स्टोरेज, मशीनीकरण, बैंकिंग,

सिंचाई

1. लांग टर्म प्लानिंग

2. शार्ट टर्म प्लानिंग

3. उत्पादन

4. अनाज की कीमत

6. इफ्रास्टचर

लांग टर्म प्लानिंग

1. बड़े बड़े डैम

2. जलाशय

3. नदियों का जोड़ना

4. बड़ी बड़ी नहरों का जाल इत्यादि आता है

5. राश्ट्रीय स्तर पर बिजली का उत्पादन (ग्ठ्ठय्त्द्दद्वथ् घ्द्दड्ढद्ध व्द्वत्द्य्)

उत्पादन

1. सिंचाई

2. बिजली

3. सड़क

सिंचाई

1. लघुकालीन व्यवस्था
2. रेन वाटर हारवेस्टिंग
3. लिफ्ट कैनाल
4. छोटे-छोटे डैम व जलाशय बनाना
5. बरसाती पानी को रोकना, चेकडैम
6. कैनाल (नहर), माईनर कैनाल, नालियों का आधुनिकीकरण
7. छोटे ओर बड़े टय़ूब वेल का निर्माण
8. Dry Land Farming
9. Drip Irrigation

बुन्देलखण्ड में जिला-हमीरपुर, महोबा, बांदा, जालौन, ललितपुर ओर झाँसी मध्यम और बड़ी सात नदियां बहती हैं विशेषकर बेतवा, केन और धसान नदी बरसात में बहुत बढ़ जाती है। यदि इनके किनारे छोटे-छोटे डैम बना दिये जाए और एक डैम से दूसरों को इन्टरकनेक्ट कर दिया जाए तो बरसात में पर्यापत पानी इकट्ठा हो सकता है, जिससे सालभर सिंचाई हो सकती है।

उत्तर प्रदेश में विशेषकर बुन्देलखण्ड में पर्याप्त छोटी-बड़ी नहरें विद्यमान हैं परन्तु इन नहरों में साल में फसल के लिए बड़ी मुश्किल से दो बार पानी फसल के लिए मिल पाता है। वह भी जो गांव टेल (Tale) में स्थिति में नहीं पहुंच पाता क्योंकि जलाशय में पानी के कमी से नहीं पाता।

मा. कृषिमंत्री इसे सदन के माध्यम से मेरा निवेदन है कि वित्त मंत्री से मिल मिलाप करें वो खेती के लिए कुछ ज्यादा उदारता अपनायेंगे। मा. वित्त मंत्री जी ने अपने बजट 2009-2010 भाषण में 06 जुलाई 2009 को बहुत महत्वपूर्ण बात कही थी कि 9 प्रतिशत वृद्धि दर रखना चाहते हैं और खेती की ख्द्धद्दद्य्ण् द्धड्ढय्ड्ढ कम से कम 4 प्रतिशित की चाहत है जैसा कि बजट में पहले पन्ने में पैराग्राफ 5 डी में कहा गया।

परन्तु यह दुर्भाग्य है कि पूरी जीडीपी का सिंचाई और खेती में सिर्फ 1 ही प्रतिशत धनराशि खर्च की जानी है क्योंकि मा. वित्त मंत्री जी के अनुसार 62 प्रतिशत जनसंख्या खेती ओर खेती से संबंधित कार्यों में आश्रित है। अगर मैं एक शब्द में अपनी बात कहूँ कि 4 प्रतिशत से ज्यादा भी कृषि में प्रति साल ख्द्धद्दद्य्ण् से उत्पादन हो सकती है बशर्ते किसान को हर खेत में पानी और बिजली की व्यवस्था हो जाये। इस सत्र 2009-2010 से प्रारंभ करके यदि पूरा सदन सिर्फ एक नारा लगा दें कि (हर खेत में पानी) तो सिर्फ कृषि से ही इतनी उन्नति हो सकती है जितनी आज पिछली 60 साल में नहीं हुई है। यह मेरा दावा है। कम से कम 20 घण्टें प्रतिदिन विशेषकर सिंचाई की सीजन में किसान को यदि बिजली नहीं दी जाती तो डीजल के द्वारा सिंचाई का काम पूरी तरह uneconomical दाहरणस्वरूप एक बीघा सिंचाई में कम से कम 2000 रू. का डीजल का खर्चा आता है और इस सिंचाई के बाद उत्पादन मूल्य में खर्चा ज्यादा होता है और उस हिसाब से पैदावार नहीं होता। जैसे 2000 रू. खर्चा करने के बाद 2000 रू. का अतिरिक्त गेहूँ पैदा नहीं होता।

आज 20.07.2009 को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री माननीया कु. बहन मायावती जी ने बिजली की दयनीय और खराब स्थित के लिए एक श्वेत पत्र (white paper) प्रकाशित किया है, उसमें माननीय अध्यक्षा जी की अनुमति से इस सदन में बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में पिछले 60 वर्षों से बिजली की सम्पूर्ण अकाल रहा था। इस विषय में बिजली के उत्पादन के आंकड़े बहुत आश्चर्यजनक थे।

1. वर्तमान उत्पादन 4700 मेगावाट है।

2. 1992 में भाजपा सरकार ने ऊचाहार थर्मलपावल स्टेशन 430 मेगावाट क्षमता का च्ध्व् को बेच दिया।

3. 2000 में तत्कालीन सरकार द्वारा पुनः च्ध्व् को बेच दिया

4. 1992 में 1000 मेगावाट की क्षमता का उत्तरांचल राज्य को चली गयी।

5. 2002 में बसपा की सरकार बनने के बाद 420 मेगावाट क्षमता का परीक्षा में उत्पादन शुरू हुआ।

6. उत्तर प्रदेश में मौजूदा बसपा की सरकार ने उत्पादन की व्यापक योजना बनाई है परन्तु इन योजनाओं में चार-पाँच साल का समय लगेगा।

कोयला और गैस का आबंटन में बहुत ज्यादा विलम्ब। उ.प्र. में कोयले की कोई खदान उपलब्ध नहीं है। भारत सरकार ने साल Ultra Mega Power Project Ã£ागाने की घोषणा किया जिसमें 28 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन की योजना है, इन सात Ultra Mega Power Project उ.प्र. की सरकार ने प्रधानमंत्री जी को बार-बार अनुरोध करने के बाद भी एक भी Ultra Mega Power Project नहीं दिया जबकि उ.प्र. में बिजली का अकाल चल रहा है। उत्तर प्रदेश में NTPC की एक सिंगरौली में यूनिट है जो अकसर खराब रहती है, उसमें 500 मेगावाट और 110 मेगावाट टांडा पर उ.प्र. को 300 मेगावाट बिजली नहीं मिल पायी। उत्तर प्रदेश के अन्दर 4700 मेगावाट बिजली पैदा की जा रही है। उ. प्र. सरकार को सिर्फ 2600-2800 मेगावाट बिजली मिल रही है। संक्षेप में उ.प्र. में बिजली पैदा की जा रही है। भारत के दूसरे प्रानतों में बिजली दी जा रही है। यह सब राजनैतिक कारण है। संक्षेप में यह हे कि उ.प्र. सरकार यूपीए को अगरी इसी से राजनैतिक घबराहट है तो हमारी जनप्रिया नेता कु. बहन मायावती जी और इसी कारण विशेषकर यूपीए सरकार उ.प्र. की दुर्दशा करने में राजनैतिक कारण द्वारा कटिबद्ध है। संक्षेप में बिना बिजली और पानी के खेती में सफलता नहीं मिल सकती।

सड़कों के अभाव में किसान अपनी पैदावार मण्डी तक या दूर के कस्बे में ले जाने व बेचने में असमर्थ होता जिससे किसान को नुकसान उठाना पड़ता है।

प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह जी ने एक बहुत ही यथार्थ बयान दिया था, जिसमें कहा गया है पिछले 15 साल से खेती में वृद्धि सिर्फ 1 प्रतिशत होती है। ये बहुत ही शर्मनाक परिस्थिति है। लगता है इसी 1 प्रतिशत वृद्धि को देखकर हमारे सदन के नेता जो वित्त मंत्री भी है और वित्त में महारथ है 25 साल पहले भी सदन के पटल में बजट रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इसलिए उन्होंने सिर्फ 1 प्रतिशत कृषि में वृद्धि को बरकरार (य्ठय्द्वद्वघ् द्वद्वद्द) रखने के लिए बहुत कम बजट दिया है। Rural Development के लिए 8777 हजार करोड़ धनराशि निर्धारित की है इससे कृषि का विकास न होकर विनाश की तरफ हम जा रहे हैं।

गेहूँ का मूल्य 1080 रू. प्रति कुंतल जबकि एक कुंतल गेहूं पैदा करने में साढ़े नौ सौ से एक हजार रू. खर्च आता है तो किसान की आमदनी एक कुंतल गेहूँ में सिर्फ 80 रू. आती है। 80 प्रतिशत भारत में किसान 50 कुंतल से कम एक सीजन में उत्पादन करते हैं। इसका मतलब 40 हजार रू. हाथ में आता है और 90 प्रतिशत किसान की पैदावार 25 कुंतल प्रति साल से कम है तो इस 40 हजार या 20 हजार से सालभर का गुजारा खेती से चलाना मुश्किल है।

किसान को खाद्यान्न की ज्यादा दाम की जरूरत नहीं है परन्तु किसान को उचित मूल्य बाजार के अन्य सामानो के समानता होनी चाहिए। से एक मील मालिक 500 से 1000 रू. गज में कपड़ा बेचते है तब इसकी कोई चर्चा नहीं होती। जूता बनाने वाले जूते की 300-400 रू. के लागत के बाद 2500-3000 रू. में जूता बेचते है तो इसकी भी चर्चा नहीं होती लेकिन बेचारे किसान को चाहे गेहू, चावल या दाल की भी थोड़ा दाम बढ़ जाता है तो देश में बवंडर मच जाता है। अरहर, मूंग, चना और मटर आदि को औसत 20 रू. कुंतल में बेचते हैं और उसी दाल को मशीनों द्वारा पालिश करने या दलने से वही व्यापारी या आढ़ति 60-70 रू. प्रति किलोग्राम बेच रहा है। इस व्यवस्था में यदि किसी को नुकसान है तो किसान को यदि फायदा है तो आढतियों को।

उपरोक्त बात का उपाय बहुत ही आसान और सरल है। बिचौलियों और आढ़तियों को हटाया जाय ओर किसानों के उत्पादन को बेचने की इसी व्यवस्था की जाय कि उत्पादक को ज्यादा लाभ हो वे बहुत कठिन नहीं है। छोटे-छोटे गोडाउन बनवाना आदि।

अभी हाल में आढ़तियों और बिचौलियों के कारण किसान 1080 रू. के भाव से गेहू नहीं बेच पाया जबकि भारत सरकार की और अन्य एजेंसियां भी गेहू खरीद रही थी। मण्डी में किसान पड़े रहते थे तो किसानों का नम्बर आठ-दस दिन तक नहीं आता था तो किसन अढ़तियों को देकर चले जाते थे तो वही अढ़तियां को 1080 रू. में बेच देते थे। ये मैने अपने संसदीय क्षेत्र में देखा। किसान अन्नदाता है। पूरे देश को खिलाने की कोशिश करता है परन्तु यह भाग्य की विडम्बना है वही अन्नदाता भूखा है। उदाहरणस्वरूप जब भी छोटे-छोटे कस्बों ओर छोटे शहरों मे किसान सब्जी, फल आदि ज्यादा मात्रा में लेकर आते तो आढ़तिया लोग एक यूनियन बनाकर एकदम से दाम गिरा देते हैं तो किसान कौडी के दामों में अपनी उत्पादन (product) को बेचना पडता है।

अगर-छोटे-से कस्बे में चार ट्रैक्टर टाली गोभी का फूल आते हैं तो अढ़तिया मिल करके ज्यादा से ज्यादा एक रू. प्रति गोभी का फूल का दाम लगाते हैं और किसान बेवश होकर बेचना पड़ता है। वही अढ़तिया वही गोभी का फूल को कुछ बड़े शहरों जैसे इलाहाबाद, लखनऊ आदि में लेक जाकर बेचता है तो उसी गोभी के फूल का दाम 5 रू. हो जाता है ओर दूसरे अढ़तिया उसी गोभी के फूल को दिल्ली आदि शहरों में बेचता है तो उसी गोभी का फूल का दाम 15 रू. हो जाता है। उसी गोभी के फूल को यदि बम्बई, कलकत्ता,

मद्रास आदि शाहरों में 25 रू. हो जाता है। यहां पर किसान को गोभी के फूल का दाम सिर्फ 1 रू. ही मिलता है। इस व्यवस्था को समाप्त करना चाहिए।

किसान की पैदावार को उचित दाम मिलना सरकार का दायित्व है। छोटे-छोटे ग्राम पंचायत स्तर पर गो.डाउन बनाया जाय और जैसा मा. राजनाथ सिंह जी ने शुक्रवार को अपने अभिभाषण में कहा था कि किसान के फसल का बीमा हो जो मुझे इस समय असंभव लगता है परन्त किसान के उत्पादन को यदि गहन या Pledge कर दिया जाय तो छोटी-छोटी धनराशि बैंक ही Advance कर सकती है जैसे चीनी फैक्टरी चीनी उत्पादक को करते हैं। एक लाख बोरा यदि चीनी का उत्पादन हुआ तो फैक्टरी मालिक चीनी को बाजार में बेचने बजाय बैंक से लोन ले लेती है। दाम बढ़ने के बाद बेचता है। जैसे आज भी छोटे-छोटे व्यापारी फसल पे किसान को लोन आदि दे देते हैं परंतु ज्यादा ब्याज पर लोन लेने के कारण किसान को नुकसान होता है। जापान में छोटे-छोटे गो-डाउन गॉव स्तर में बनाये गये है किसान द्वारा और उसमें जो गल्ला आदि रखा जाता है उसमें किसान को किराया मिलता है। उससे बैंक, किसान और ग्राम स्तर पर होती है। ऐसा करने से FCI की दुकान बंद होगी और संक्षेप FCI कारनामें और कुंडली इस प्रकार है। कम जमीन में कई बार सब फल-फूल शाक-सब्जी पैदा की जा सकती है। भारत की जलवायु और प्रकृति के वेहरवानी से अगर दस बीघा जमीन है तो तीन बार सब्जी उगाने में 30 बीघा जमीन के बराबर हो जाता है। जापान में 500-700 रू. के बीच में एक दर्जन भिण्डी का दाम है, जो अच्छी तरह के पैकेजिंग में बिक रही है। इसका मुझे अच्छी तरह से ज्ञान है।

बजट स्पीच का पेज 6 के संदर्भ में यह स्पष्ट है अगर यही व्यवस्था और आकलन रही तो निकट भविष्य में अकाल की स्थिति होगी और अनाज पानी में गृह युद्ध भी छिड़ने की नौबत आ सकती है। लोन माफी और नेरगा से एक प्रतिशत से कम किसानों को लाभ अवश्य हुआ है परन्तु इन्होंने लोन वापस किया है वे अपने को कम बुद्धिमान समझते हैं और 71 हजार करोड़ लोन माफ करने से कांग्रेस पार्टी को अवश्य फायदा हुआ है कि इनका वोट बैंक बढ़ गया।

समता मूलक और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का सिद्धांत तथा पूरा होगा जब भारत सरकार के मानसिकता में परिवर्तन हो जाय और कामनवेल्थ गेम जिसमें 3 हजार से ज्यादा करोड़ खर्चा हो रहा है और दस-पन्द्रह दिन में ये मेला समाप्त हो जायेगा। दिल्ली में पाँच सितारा होटल बन जायेंगे, कुछ खेल मैदान बन जायेंगे और कहानी समापत हो जायेगी।

यही 3-4 हजार करोड़ बुन्देलखण्ड में दे दी जाये तो 5 करोड़ से ज्यादा जनता को लाभ् होगा ओर हर खेत में पानी पहुंचने की व्यवस्था हो सकती है। जिसकी choice यूपीए सरकार की है जिसे हम **कामनवेल्थ बनाम किसान** का शीर्षक दे सकते हैं।

आपकी ओपनिंग स्पीच के पेज 1 में आपने अपने मान्यताओं के बारे में जिक्र किया परन्तु पेज 6 पैराग्राफ 27 से 30 में एग्रीकल्चर डेवलपमेंट के बारे में संक्षिप्त में एक जिक्र है। आपका कथन कि खेती सेक्टर में 4 प्रतिशत वृद्धि होगी ये बिल्कुल भ्रामक और मिथ्या है। आज का किसान विशेषकर उत्तर प्रदेश और बुन्देलखण्ड को हर खेत में पानी और हर गाँव में बिजली की व्यवस्था की प्रमुख मांग हैं। बुन्देलखण्ड में पानी का अकाल है, गहरे टयूबवेल बनवाने पड़ते हैं क्योंकि नीचे काला पत्थर (Black Granite) है और ये काम लोन लेकिन किसान नहीं कर सकता।

<u>गेहूं की उत्पादन की लागत मूल्य साढ़े नौ सौ से एक हजार रूपया (950-1000) लगता है। गेहूं का निर्धारित मूल्य 1080 रूपया</u>

दूसरी बात एक बीघा खेत को सींचने में 2000 रूपये का डीजल खर्च होता है और एक एकड़ की सींचाई में 4500 हजार रूपया सिर्फ डीजल का खर्चा है और इतने सिंचाई करने के बाद भी एक एकड़ में 4500 कीमत की अनाज की वृद्धि नहीं होती।

अतः डीजल के द्वारा सिंचाई करने में आमदनी से ज्यादा खर्चा है।

इसको निजात पाने में निरंतर खासकर सिंचाई सीजन में 15-20 घण्टा बिजली की आवश्यकता है, जो कि पिछले पाँच साल में उ.प्र. में सिंचाई के लिए बिजली पर्याप्त नहीं होती। एक एकड़ सिंचाई में 2500-3000 रूपया डीजल खर्च होता है। यदि इसी को तीन बार दोहराया जाय तो डीजल के द्वारा पम्प से सिंचाई करने में किसान को नुक्सान है।

मा. वित्तमंत्री की सोच में एक आधारभूत परिवर्तन (Basic Change) मैं चाहता हूं लोन देने और लोन माफी से न किसानों को भला होने वाला है न ही उत्पादन में वृद्धि होगी इसका मेरा निम्न तर्क है। इसी परिपेक्ष में मैं इस सदन को बताना चाहता हूं कि एक कुंतल गेहू उत्पादन करने में निम्नतम साढ़े नौ रू. की लागत है। एक कुंतल गेहू पैदा करने में किसान को सिर्फ 80 रू. की आमदनी होती है तो 100 कुंतल पैदा करने में सिर्फ 8000 रू. की आमदनी होगी और उ.प्र. में 5 प्रतिशत भी किसान नहीं है, जो 100 कुंतल की पैदावार करते हो। Rural Development में रू. 8777 करोड़ जिसमें सिंचाई आदि भी आती है ये बहुत कम है। किसान की पैदावार का उचित मूल्य और किसान की पैदावार हेतु जो सामग्री जैसे बीज, यत्र, ट्रैक्टर, डीजल, बिजली आदि रिआयती दाम में नहीं मिलती तो अगले 50 साल में भी किसान की जीवन स्तर में कोई वृद्धि नहीं होगी।

भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री मा. नमो नारायण मीना जी ने राज्य सभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह स्वीकिर किया है कि 1971 में प्रति ग्रामीण परिवार का रू. 437 कर्ज था, जो 2003 में 12585 रू. हो गये हैं यानी 25 गुना कर्ज में इजाफा हुआ और इसके साथ यह भी कटु सत्य है कि प्रति साल एक लाख से ज्यादा किसान पूरे भारत में आत्महत्या कर रहे हैं। एक NGO Nation Sample सर्वेक्षण के रिपोर्ट के मताबिक भारत का किसान कर्ज में इबता जा रहा है। इस रिपोर्ट में लिखा है कि राजस्थान में प्रति किसान की

आमदनी 17976 रू. वहीं उस पर रू. 18372 का कर्जा है। आदमनी से कर्ज का अनुपात निरंतर बढ़ रहा है।

मा. वित्तमंत्री ने माना है कि 60 प्रतिशत जनसंख्या खेती पर निर्भर है हालांकि जहां तक भारत में 70-75 प्रतिशत जनता गॉव में रहती है, जिसकी जिंदगी कृषि से जुड़ी हुइ है। इस 60 प्रतिशत जनता को कृषि हेतु टोटल जिसमें सिंचाई भा सम्मिलित है सिर्फ 10 हजार करोड़ का बजट बनाया है, जो टोटल जीडीपी का 1 प्रतिशत आता है। जिसका मतलब **60 प्रतिशत जनता को सिर्फ 1 प्रतिशत बजट में प्रावधान है और 40 प्रतिशत जनता को 99 प्रतिशत का प्रावधान है।** ग्रामीण विकास में रू. 62832 करोड़ मिलता है, जो कुल खर्चा का 6 प्रतिशत है। इससे 4 प्रतिशत औसत वृद्धि नहीं होगी। 99 प्रतिशत सरकारी खर्चा 10 लाख 20 हजार करोड़ है, उसमें रू. 62837/- करोड़ खेती के लिया पर्याप्त नहीं है।

दूसरी बात Hon'ble Prime Minister Dr. Manmohan Singh ने पिछले 15 साल से खेती का उत्पादन पूर्णत स्थिर है सिर्फ 1 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई है। इस परिप्रेक्ष्य में मा. वित्तमंत्री का कथन या सोच या चाहत कि 4 प्रतिशत प्रति साल कृषि में वृद्धि होगी यह असम्भव सी बात है।

दिनांक 12.07.09 को अमर उजाला में खबर छपी है कि वार्षिक 5 अरब का अनाज बरबाद हो रहा है। कोल्ड स्टोरेज और भण्डार की कमी है, और यदि आलू की पैदावार जिस साल अच्छी होती है सबसे ज्यादा नुकसान किसानों का होता है सबसे ज्यादा आत्महत्याएं किसानों का होता है क्योंकि 25 प्रतिशत से ज्यादा कोल्ड स्टोरेज में रखने की जगह नहीं है।

लोन माफी के बाद जब मैं अपने चुनाव क्षेत्र में जीतने के बाद धन्यवाद कार्यक्रम में जब मैं थोड़ा सा भ्रमण किया तो हर किसान ने कहा कि सांसद जी मुझे लोन दिला दीजिए और लोन मांगने के लिए भरमार है। किसान लोग समझते हैं कि अगला चुनाव आने के पहले पुनः वित्तमंत्री जी लोन माफ कर देंगे आदि-आदि। इस सब बातों से एक बात स्पष्ट सामने आती है इस प्रक्रिया से न किसान को फायदा है न उत्पादन बढ़ने वाला है। मैं दोहराना चाहता हूं कि हर खेत में पानी दे दीजिए हर गॉव और खेत में बिजली दे दीजिए तो किसान को लोन की आवश्यकता नहीं न ही माफी की जरूरत है बल्कि लोन लेगा भी तो 100 फीसदी चुका भी देगा। हमारे वित्तमंत्री ने लोन को पूरी तरह से चुकता कर देने वाले किसान और जिन किसानों ने लोन नहीं दिया, इन दोनों तरह के किसानों को एक ही तिराजू में तोलने का जो काम किया है ये सिर्फ राजनैतिक उद्देश्य है। इससें किसानों की और खेती की उत्पादन की दुर्दशा ही होगी यह मेरा मानना है।

जून के महीने में पूरे प्रदेश में 101.5 मिली वर्षा होती थी लेकिन इस माह में अभी तक 48.8 मिली वर्षा हुई है या नि 48 प्रतिशत वर्षा में कमी है। मौसम की लिहाज से देश में 36 सब डिवीजन में जिसमें 29 सब डिवीजन में औसत से बहुत कम वर्षा हुई है। सारे उत्तर प्रदेश में विशेषकर बुन्देलखण्ड में जहां मेरे क्षेत्र में **अभी 5 प्रतिशत बोआई** भी नहीं हो पायी है और पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उ.प्र. में खरीब की फसल की बोआई नहीं हो पायी है।

मुझे बहुत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि भारत के कृषि मंत्री मा. शदर पवार जी जिनकी रूचि या हाबी क्रिकेट में ज्यादा है शायद उनका 80 प्रतिशत समय बीसीसीआई और क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय जगत में व्यय होता है। यह कहना गलत न होगा कि 100 प्रतिशत दिल उन्होंने क्रिकेट में समर्पित कर दिया है और मैं मानता हूं कि यह कोई गलत बात नहीं है परन्तु मेरा यह भी मानना है कि हो सकता है कि क्रिकेट की और भी ज्यादा तरक्की हो जाय परन्तु ओर 20-20 मैचें और भी बढ़ जाय परन्तुं कृषि जगत में किसानों को कोई लाभ नहीं होने वाला है।

भारत के किसान जिसको अन्नदाता कहते है वह भूखा है श्रमिक जो मकान बनाता है जिससे दस-बीस मंजिले बनते हैं उसके पास रहने का छत नहीं है। यह पिछले 61 साल में पिछले सरकारों का तोहफा है। मा. वित्तमंत्र जी आपको इस दुर्दशा को ठीक करने में बहुत परिश्रम करना पड़ेगा, जिसके लिए मैं यह कहूंगा जब तक किसान के हितों की प्राथमिकता नहीं दी जायेगी और यह बजट सिर्फ कम्प्यूटर और सेंसेक्ट के हितों की सुरक्षा करेगा तो भारत की स्वतंत्रता अधूरी रहेगी। मैं चाहता हूँ कि आप सिर्फ वित्त मंत्री न रहे बल्कि एक किसान मित्र और किसान हितैषी बन जाय तब आपको दिल से किसान आपको आर्शीवाद देंगे, जिससे आपको और किसान समुदाय की भलाई निहित है।

ाृEषिमंत्री ये कहने में नहीं थक रहे कि उनके गोदाम अनाज से भरे हुये हैं परन्तु मैं वित्तमंत्री ध्यान आकर्षित करना चाहता हू कि United National Report से 63 प्रतिशत बच्चों को रात में भरपेट भोज उपलब्ध नहीं होता साथ FCI के गोदामों में निम्नलिखित नजारा, जिसको दिल्ली के देवाषीश भट्टाचार्य के सूचना अधिकार के द्वारा निम्नलिखित उत्तर मिला है, जो अपनी दुर्दशा बयान करती है। भारत की 25 करोड़ आबादी भूखे सोती है।

1. पिछले दशक में 10 लाख टन अनाज सड़ गये।
2. 2.42 अरब रू. FCI खर्च करती है हर साल गोदाम में अनाज को सड़ने से बचाने में
3. अभी पिछले साल 2.59 करोड़ रूपये का अनाज जो सड़ गया था, उसको जलाने में खर्च हुआ।
4. सन 1997 से 2007 तक 1.83 लाख गेहू, 3.96 लाख टन चावल, 22 हजार टन धान और 110 टन मक्का तथा 10 लाख टन

अनाज सड़ गया।

5. RTI के उत्तर में FCI ने बनाया है उ.प्र., उत्तराखंड, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, दिल्ली में अनाज सुरक्षित रखने के लिए 87.15 करोड़ खर्च हुये। उसके बाद 7 लाख टन अनाज सड़ गया

6. सबसे दुखद बात है कि सड़ हुये अनाज को ठिनाने और जलाने में 60 लाख खर्च हुये।

7. संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट भी बताती है कि देश में 63 फीसदी बच्चों को रात में भोजन नहीं मिलता है।

8. पिछले एक दशक के भीतर करीब 10 लाख टन अनाज सड़ गया।

9. FCIहर साल गोदामों में अनाज को सड़ने से बचाने के लिए 2.42 अरब रूपए खर्च करती है।

10. सड़ गये अनाज को ठिकाने लगाने के लिए भी 2.59 करोड़ रूपए फूक डाले।

11. दिल्ली के देवाशीर्ष भट्टाचार्य के आवेदन पर एफसीआई ने ही बताया कि 1997 से 2007 के बीच उसके गोदामों में 1.83 लाख टन गेहू, 3.95 लाख टन चावल, 22 हजार टन धान और 110 टन मक्का, दस लाख टन अनाज सड़ गया।

12. FCIने बताया कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश ओर दिल्ली में अनाज सुरक्षित रखने के लिए 87.15 करोड़ रूपये खर्च करने के बावजूद 7 लाख टन अनाज सड़ गया।

13. देश के पूर्वी हिस्से पर नजर डाले, असोम, नागालैण्ड, मणिपुर, उड़ीसा, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल में 1.5 टन अनाज सड़ गया जबकि ष्एफ्ब्् ने यहां अनाज को सड़ने से बचाने के लिए 1.22 अरब रूपए खर्च किए थे।

14. आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में 25 करोड़ खर्च करने के बाद भी 43,069.023 टन अनाज सड़ गया। जब यह अनाज सड़ गया तो इसे हटाने के लिए 340.867 रूपये खर्च करने पड़े।

देश के पूर्वी हिस्से पर नजर डाले, असम, नगालैण्ड, मणिपुर, उड़ीसा, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल में 1.5 टन अनाज सड़ गया जबकि FCI ने यहां अनाज को सड़ने से बचाने के लिए 1.22 अरब रूपए खर्च किए थे। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में 25 करोड़ खर्च करने के बाद भी 43,069.023 टन अनाज सड़ गया। जब यह अनाज सड़ गया तो इसे हटाने के लिए 340,867 रूपए खर्च करने पड़े।

मैं मा. स्पीकर महोदया के माध्यम से प्रधानमंत्री का इस क्रिकेट प्रेम और किसान की आशाओं पे संतुलन बनाने के लिए आग्रह करूंगा कि क्रिकेट के साथ-साथ किसानों को भी 20-20 मैचों की तरह बढोत्तरी हो और इसी के साथ ही मैं कृषि मंत्री मा. शरद पवार जी के उज्जवल भविष्ट की कामना करता हूँ।

आपने पैराग्राफ 5 में 9 प्रतिशत प्रति साल विकास दर की चर्चा की है और उसी कृषि के बारे में 4 प्रतिशत कृषि की प्रगति के बारे में एक आशा जताई है।

इस सदन के माध्यम से मेरा विनम्र निवेदन है कि वित्तमंत्री सार्ट टर्म और लांग टर्म ऐसी योजना बनाये जिसको एक शब्द में वाटर मैनेजमेंट भी कहा जा सकता है वो इन्तजाम दे जिससे हर खेत को पानी पहुचे और किसान को सिर्फ बरसात पर ही निर्भर न हो। उदाहरणस्वरूप बुन्देलखण्ड छोटी-बड़ी सात-आठ नदियॉ है जिसमें बेतवा, केन, धसान और बुन्देलखण्ड के बगल से जमुना नदि भी बहती है। बेतवा, केन नदि में छोटी-बड़ी डेम बनाने की व्यवस्था की जाए तो सिंचाई के लिए पानी का समुचित व्यवस्था हो सकेंगे अन्यथा भारत का भविष्य अंधकार की ओर अग्रसित हो रहा है।

अंत में निम्नलिखित छोटे-बड़े बिन्दुओं पर भी मा. वित्तमंत्री का भी खेती के पृष्ठभूमि पर मैं आवश्यक ध्यान दिलाना चाहता हू तभी किसान की उन्नति हो सकेगी जैसे

- Water related small and big projects.
- Wate harvesting Schemes throughout the country
- Restoration of water bodies
- Irrigation and Tube Well irrigation through private sources and funding
- Reasonable and remonative and practical price fixing of the food grains.
- Micro finance,

- Farm Insurance.

कृषि की पृष्ठभूमि में गॉव में सड़कों का जाल बिछना चाहिए जिससे किसान की उत्पत्ति विशेषकर फल, साक-सब्जी के यातायात में व्यवधान न हो अन्यथा जब किसान अपना फल और सब्जी कस्बे की मण्डी में लेकर जाता है तो अढ़तियॉ लोग एक यूनियन बनाकर एकदम से दाम गिरा देते हैं।

मैने अनुभव किया है यदि एक ठेला गोभी का फूल अगर मण्डी में कोई किसान ले जाता है तो उसे मुश्किल तमाम एक रूपया प्रति फूल का भुगतान होता ओर वही अढ़तिया जब इसको बड़े शहर में ले जाता है उसका दाम तीन रूप्या या पांच रू. होता है और उससे बड़ा अढतिया दिल्ली और बड़े शहरों में ले जाता है तो दाम दस रू. या उससे ज्यादा हो जता है। इससे एक बात साफ जाहिर होती है कि किसान जिसने गोभी पैदा किया है उसको सिर्फ एक रू. मिला, जिसको तीन महीने तक पैदावार करने में लेगा और बिचौलिया दो दिन में 10 गुना कमाता है। इसको कुछ भी ध्यान मंत्री जी आपके बजट में नहीं है। *

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (मुंगेर): महोदया।

MADAM SPEAKER: Shri Rajiv Ranjan Singh, before you start I would like to tell the hon. Members that we have a very long list of speakers. If the House agrees we would skip the Lunch Hour.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Madam.

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने कृषि विभाग की अनुदान मांगों पर मुझे बोलने का अवसर दिया है। हम कृषि विभाग खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्रालय की वर्ष 2009-10 की मांगों पर चर्चा कर रहे हैं। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और हमारे देश की 75 प्रतिशत से ज्यादा आबादी कृषि पर आधारित है। हमारी पूरी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। आज इस देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और अगर हम बेरोजगारी को दूर करने का प्रयास करें तो कृषि एक ऐसा क्षेत्र है, जिसके माध्यम से हम बेरोजगारी की समस्या बहुत हद तक दूर कर सकते हैं।

महोदया, माननीय कृषि मंत्री जी किसान नेता के रूप में विख्यात हैं। जब ये कृषि मंत्री बने तो सारे देश के किसानों में संदेश गया कि शायद अब किसानों का कुछ भला होगा। हम इनके इलाके में गये हैं। इन्होंने कृषि के क्षेत्र में जो किया है, वह हमने महाराष्ट्र में इनके इलाके में देखा है।

2.58 hrs.

(Shri P. C. Chacko in the Chair)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : यह सब देखने के बाद लगा कि कृषि के क्षेत्र में काफी कुछ होगा।

महोदय, आज क्या स्थिति है, हम आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहेंगे। क्या मंत्री जी एक किसान नेता होते हुए भी, आज इस देश में कृषि की जो स्थिति है, उससे संतुष्ट हैं। आज किसानों के लिए खेती करना अलाभकारी हो गया है। आज देश में खेती की यह स्थिति हो गयी है कि लगाइए सौ और पाइए नब्बे। आज पढ़े-लिखे नौजवान जो गांव में रह सकते थे, खेती छोड़कर शहर की तरफ नौकरी की तलाश में भाग रहे हैं। वे दो हजार, तीन हजार रूपए की नौकरी के लिए शहर में घूम रहे हैं, लेकिन अपनी खेती पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके कारण आज हमारी कृषि प्रभावित हुई है।

महोदय, हम आपको बताना चाहते हैं कि दूसरे सदन में 9 जुलाई 2009 को एक अतारांकित प्रश्न सं0 645 का सरकार ने उत्तर दिया।

13.00 hrs.

सरकार ने कहा है कि देश में 15 से 49 वर्ष के आयु वर्ग में 35.6 प्रतिशत महिलाओं और 34.2 प्रतिशत पुरुषों का बॉडी मास इंडैक्स 18.5 से नीचे हैं जो पोषण में कमी का सूचक है। आज इस देश में क्या स्थिति है? पर्याप्त भोजना न लेना पोषण में कमी का एक कारण है। अन्य कारणों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच न होना और जल तथा स्वच्छता की उपलब्धता में कमी का होना। यह सरकार ने अभी 9 जुलाई को अपने उत्तर में दूसरे सदन में बताया है।

सभापति महोदय, हम यह कहना चाहते हैं कि अगर आप 2004-05 का इस देश का जीडीपी देखें तो उसमें कृषि का योगदान 20.2 प्रतिशत था, जबकि आज 2007-08 में जीडीपी में कृषि का योगदान घटकर 17.8 प्रतिशत हो गया है। कहाँ जा रही है आज कृषि? कृषि के क्षेत्र में सबसे बड़ी ज़रूरत वाटर मैनेजमैंट की है। जल, बीज, खाद और उसका लाभकारी मूल्य। बजट का एक प्रतिशत आपने कृषि पर दिया है इस साल के बजट में। वित्त मंत्री जी जब सामान्य बजट पर जवाब दे रहे थे, तो उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत जो हमने योग दिया है, वह एक प्रतिशत वास्तव में नहीं है, बल्कि कई और विभागों के माध्यम से हमने जो कृषि में दिया है, वह बढ़कर कई प्रतिशत हो जाता है। मुझे आश्चर्य होता है। कृषि मंत्री पिछले पांच वर्ष भी यूपीए की सरकार में कृषि मंत्री रहे। हम उदाहरण देना चाहते हैं। दो साल पहले इन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना बनाई। 25 हजार करोड़ रुपये का आबंटन उसमें दिया गया और उसमें

यह लक्ष्य निर्धारित हुआ कि 4 प्रतिशत हम कृषि का उत्पादन बढ़ाएँगे। 2008-09 में 1.6 प्रतिशत बढ़ा। आपने 25 हजार रुपये का आबंटन किया, योजना बनाई मगर उसका क्या लाभ हुआ? 1.6 प्रतिशत आप टार्गेट अचीव नहीं कर सके, 50 प्रतिशत टार्गेट अचीव नहीं कर सके। आप कह रहे हैं कि आप कृषि में क्रांति लाए हैं। आज आप शोध पर जो सबसे बड़ा कृषि का है, जो आज की उन्नत परिस्थिति के अनुकूल, जलवायु के अनुकूल, जो आप बीज किसानों को दे सकते हैं, उसके शोध पर आपने मात्र 1584 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया है। कृषि में जिससे किसानों को जो सपोर्ट कर सकते हैं - उस पशुपालन में आपने 626 करोड़ रुपये का प्रवधान किया, मछली पालन में 411 करोड़ रुपये का प्रावधान किया, डेरी पर 88 करोड़ रुपये का प्रावधान आपने किया। इस प्रावधान के बल पर क्या आप दावा कर सकते हैं कि देश में हरित क्रांति आप ला सकते हैं, आप देश में किसानों की स्थिति सुधार देंगे? मुझे नहीं लगता है। वर्तमान कृषि मंत्री जो पिछले पांच साल भी यूपीए की सरकार में कृषि मंत्री रहे, उनसे हम यह उम्मीद और कल्पना नहीं कर सकते हैं कि आप ऐसी उम्मीद इस देश के किसानों को पैदा करिये जो आप नहीं कर सकते। आप भी एक किसान नेता रहे हैं। आपको मालूम है किसानों की स्थिति। यूपीए की सरकार के कई ऐसे मंत्री हैं जिनको किसानगी से कोई मतलब नहीं है, कभी उन्होंने देखा भी नहीं कि किसान क्या होता है। कभी उन्होंने देखा नहीं कि गरीबी क्या होती है? लेकिन आप तो वहाँ से आए हैं जहाँ से ज़मीन पर से किसानों को आपने उठते देखा है। आप तो कम से कम इस सरकार में एक ताकतवर पार्टी के मंत्री हैं। आपको चाहिए कि आपके पराक्रम का इस्तेमाल इस देश के किसानों के हित में अगर करें तो उससे ज्यादा किसान लाभान्वित हो सकेंगे। प्रोक्योरमैंट की बात होती है। आज फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया प्रोक्योरमैंट करता है। कृषि मंत्री जी से हम जानना चाहते हैं कि वे इस देश में एफसीआई के माध्यम से जो प्रोक्योरमैंट करा रहे हैं, उससे वे संतुष्ट हैं? नहीं है, क्योंकि पूरा देश जानता है कि एफसीआई भ्रष्टाचार की गंगौत्री है। उसने किसानों से प्रोक्योरमेंट करने का काम कभी नहीं किया है। उसने हर जगह चावल धान की मिलों से खरीदने का काम किया है। इसके अलावा ठेकेदारी के माध्यम से, जिस प्रदेश से मैं आता हूं, मैं आपको इस बात की चुनौती देता हूं कि ठेकेदारी के माध्यम से एफसीआई ने किसानों से खरीदारी की है। आप किस को लाभान्वित करना चाह रहे हैं? आप इस तरह से कभी किसानों को लाभान्वित नहीं कर सकेंगे। मेरा कृषि मंत्री जी से आग्रह होगा कि आप एफसीआई को छोड़िए, राज्य सरकारों को अनाज खरीदने का जिम्मा दे दीजिए, उनसे कहिए कि आप अनाज खरीदकर हमें दीजिए। एफसीआई राज्य सरकार से अनाज खरीद लेगा।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि माही परियोजना के नहरों का नान कमाण्ड एरिया में विस्तार करने की योजना को प्राथमिकता के आधार पर मंजूर करने की जरूरत है, ताकि माही का पानी व्यर्थ बहकर नहीं जाए और उसकी एक-एक बूंद पानी का उपयोग डूंगरपुर व बाँसवाड़ा के किसानों को नॉन कपास जमीन में पानी की सुविधा देकर लाभान्वित किया जा सकता है इसका सदुपयोग आदिवासी क्षेत्र की प्यासी भूमि को संचित करने के साथ ही पीने के पानी के लिए हो सके तथा दूध की डेयरी को बढ़ावा देकर किसानों को लाभान्वित कर सकें।

राजस्थान के मुख्यमंत्री महोदय श्री अशोक गहलोत ने गत 8 जुलाई को राज्य विधान सभा में रखे परिवर्तित बजट में माही की भीखाभाई-सागवाड़ा नहर के लिए 32 करोड़ रूपये का प्रावधान कर इस दिशा में कदम उठाया है पर इसमें 200 से 322 करोड़ रूपये की जरूरत है।

मेरी प्रधानमंत्री महोदय से विनती है कि वे योजना आयोग से पूरे आदिवासी क्षेत्र के नान कमाण्ड एरिया की भूमि को सिंचित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना बना कर उसे मंजूरी दिलवायें, ताकि इस क्षेत्र में कृषि और इससे सम्बद्ध कार्यक्रमों का अपेक्षा के अनुरूप विकास संभव हो सके। साथ ही प्रायः सूखा और अकाल की मार सहने वाले इस ट्राईबल एरिया में पीने के पानी की समस्या से निजा मिल सके। साथ ही कमाण्ड एरिया के विकास से इस क्षेत्र में भूमिगत और सतही जल का स्तर भी बढ़ेगा।

मैं आपके माध्यम से यह निवेदन भी करना चाहता हूँ कि राजस्थन को पेय जल की दृष्टि की विशेष राज्य का दर्जा दिया जाये। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रधानमंत्री महोदय को पत्र भी लिखा है और 13वें वित्त आयोग को भी ज्ञापन दिया गया है। राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों किसी से भी छुपी हुई नहीं है। प्रदेश के पश्चिम भाग में रेगिस्तान है। पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ हमारी लंबी अन्तर्राष्ट्रीय सीमाएं हैं। दूसरी ओर अरावली पर्वत श्रृंखलाओं से घिरे इस प्रदेश के दक्षिणी-पूर्वी भू-भाग आदिवासी बहुलता वाले क्षेत्र हैं जहां गडरिया लुहार जैसी घुमन्तु जातियां हैं।

राजस्थान में पानी एक दुर्लभ संसाधन है। प्रदेश में देश के कल उपलब्ध पानी का मुश्किल से मात्र एक प्रतिशत पानी ही उपलब्ध है।

राज्य के 237 ब्लाक्स में से सिर्फ 32 ब्लाक्स में ही पीने लायक पानी मौजूद है। शेष ब्लाक्स में पानी के रसातल में चले जाने से दोहन की स्थिति नहीं रह गई है। चम्बल को छोड़कर प्रदेश में एक भी बारह माह बहने वाली कोई नदी नहीं है।

ऐसी विषम परिस्थितियों में राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण में व्यक्त की गई भावना के अनुरूप सन् 2011 तक देश के सभी गांवों में पीने का पानी पहुंचाने की चुनौती को पूरा करना राजस्थान में तब तक संभव नहीं है, जब तक कि राजस्थान को पेयजल की दृष्टि से विशिष्ट राज्य का दर्जा देकर अधिक से अधिक केन्द्रीय मदद नहीं प्रदान की जानी चाहिए।

राजस्थान में पानी के गहरे संकट का असर बिजली और अन्य सेवाओं पर पड़ता है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्रदेश में सेवाओं की लागत अधिक आती है। पानी-बिजली गांवों और ढ़ाणियों तक पहुंचाने के लिए अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ती है। राज्य में प्रायः पड़ने वाले सूखा और अकाल में तो स्थिति और भी खराब हो जाती है। साथ ही पानी की आपूर्ति के लिए विशेष रेलगाड़ियों ओर टैंकरों आदि का प्रबन्ध करने पर राज्य सरकार को भारी धनराशि व्यय करने को मजबूर होना पड़ता है।

राजस्थान में इस समय 12 जिले सूखा और अकाल की चपेट में है और उत्तर भारत के अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी मानसून की देरी के कारण इस वर्ष खरीफ फसलों से अधिक उम्मीद नहीं है। यदि आने वाले कुछ दिनों में आशा के अनुरूप बरसात नहीं होती तो रही सही फसलों के भी चौपट होने का अन्देशा है। ऐसे में एक बार फिर से प्रदेश को सूखा ओर अकाल की मार सहनी पड़ सकती है।

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह आगंह है कि अभी से "कन्टेजेंसी प्लान " तैयार कर निकट भविष्ट में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए राज्य को पर्याप्त मदद प्रदान की जानी चाहिए ताकि लोगों को रोजगार के लिए अन्यत्र पलायन नहीं करना पड़े।

हमें उम्मीद है कि नरेगा-द्वितीय योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार ऐसे उपाय सुनिश्चित करने जा रही है जिससे गांवों में रोजगार की समस्या से निपटने के साथ ही स्थाई परिसम्पत्तियों का सृजन भी हो सकेगा। मैं नरेगा योजना को अन्य योजनाओं के साथ सम्बद्ध करने संबंधी प्रस्तावों का तहे दिल से स्वागत करता हूं और माननीय वित्त मंत्री को एक बार पुनः देश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई देते हेए प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

साथ ही आम बजट में किसानों के कर्जों की अवधि बढ़ाये जाने, स्वर्ण जयंती योजना को फिर से शुरू किए जाने, ग्रामीण सड़कों के लिए 12 हजार करोड़ का प्रावधान रखने, बी. पी. एल. परिवारों को तीन रू. प्रति किलो अनाज उपलब्ध करवाने आदि के लिए यू.पी. अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह और केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी को हार्दिक बधाई देता हुआ आभार व्यक्त करता हूँ।

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदया, कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर हमारी पार्टी के नेता परम आदरणीय श्री राजनाथ सिंह जी ने जो चर्चा शुरू की थी, उसी चर्चा को मैं भी आगे बढ़ा रहा हूं। भारत एक कृÂिा प्रधान देश है और हमारे देश की अर्थव्यवस्था का आधार पहले से खेती तय है। इस काम में देश की आबादी के लगभग 70 से 75 प्रतिशत लोग लगे हुए हैं। सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत का योगदान कृषि के क्षेत्र से है। लेकिन दुर्भाग्य है कि कृषि के क्षेत्र का बजट मात्र एक प्रतिशत है। मैं मानता हूं कि यह खेती के साथ अन्याय है। जिस देश की आबादी का 75 प्रतिशत हिस्सा जिस काम में लगा हुआ हो, उस क्षेत्र में उस देश की सरकार का बजट का आवंटन इतना कम हो, इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार कृषि के क्षेत्र की जानबूझकर उपेक्षा कर रही है। इसमें बहुत जल्दी आवंटन बढ़ाए जाने की जरूरत है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि सन् 2003-2004 में सकल घरेलू उत्पाद में 21.74 प्रतिशत का योगदान था, लेकिन 2007-2008 में यह घटकर 17.8 पर आ गया। सकल घरेलू उत्पाद में खेती का योगदान लगातार घटता जा रहा है। यह कहीं न कहीं चिन्ता का विषय है। राÂट्रीय निर्यात में कृषि का योगदान भी 12.2 प्रतिशत पर आ गया है। यह भी निरंतर घट रहा है। खेती का धंधा पूरी तरह से घाटे का धंधा है, यह तय हो चुका है। इसके बावजूद भी सरकार इस पर कोई कारगर कदम उठाए, इस बजट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। हमारे देश का किसान सबसे ज्यादा मेहनत करता है और यही एक क्षेत्र है जिसमें सबसे ज्यादा मेहनत की जरूरत होती है। किसान दिन-रात लगा रहता है। माघ-पौष की जो ठंड होती है, हमारे गांव में कहावत है कि माघ-पौष की ठारी में अगर कोई काम करता है तो वह सिर्फ किसान करता है। हालांकि इस साल बारिश नहीं हो रही है। सावन और भादो की जो वर्षा होती है, उस वर्षा में भी अगर कोई वर्ग काम करता दिखता है तो वह सिर्फ किसान है। चैत और बैसाख की कड़ी धूप में जब किसान खेतों में काम करता है तो लोगों को निश्चित तौर पर तरस आता है। मैंने खेत में खुद जाकर देखा है। मैं भी किसान का बेटा हूं।

मैंने देखा कि एक गरीब किसान खुद खेत में हल चला रहा था और उसकी पत्नी अपनी पीठ पर बच्चे को बांधे हुए बुआई कर रही थी। बदकिस्मती से उसी साल ओले पड़ गये और उसके खेत पर एक दाना अनाज भी पैदा नहीं हुआ। मेरे कहने का मतलब है कि खेती की कोई गारंटी नहीं है। आखिरकार कब होगी गारंटी? 62 वर्ष की आजादी के बाद भी यदि लोगों की अपेक्षा पूरी न हो, तो उन्हें निराशा होगी, और इसलिए आज किसान आत्महत्या कर रहा है। किसान के खेत में पानी नहीं है। किसान को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा है, तो आखिरकार किसान क्या करे? सरकार कहती है कि किसानों को

हमने 7 प्रतिशत की ब्याज दर से ऋण देने की व्यवस्था की है। मैं बताना चाहता हूं कि कई राज्य ऐसे हैं, मेरे मध्य प्रदेश में तीन प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को ऋण मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद किसान का धंधा घाटे का धंधा है। अगर सरकार किसान के धंधे को फायदे का धंधा बनाना चाहती है, तो उसके लिए निश्चित तौर पर कुछ समयबद्ध कार्यक्रम चलाने पड़ेंगे।

सभापति महोदया, आज देश में मौसम की हालत खराब है। भयंकर सूखे की स्थिति है। आने वाला समय क्या होगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। न जाने कितनी आत्महत्याएं और बढ़ जायेंगी। आज किसान खेतों में बुआई नहीं कर पा रहा है। आखिरकार उसके लिए कोई व्यवस्था करनी पड़ेगी या नहीं? मैं जानना चाहता हूं कि सरकार इन सभी बातों पर आगे क्या कदम उठाने वाली है? देश में सूखा और अकाल लगभग हमेशा होता है। एनडीए सरकार में माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि देश में सूखे और अकाल का कोई स्थायी हल निकालना है, तो नदियों को आपस में जोड़ने का कार्यक्रम चलाना चाहिए। वह कार्यक्रम गलत नहीं था, लेकिन इस सरकार ने न जाने क्यों उस कार्यक्रम को ठंडे बस्ते में डाल दिया है? अगर आज नदियां जुड़ गयी होती, तो निश्चित रूप से बहुत बड़े हिस्से को कुछ न कुछ लाभ मिल गया होता, लेकिन वह काम नहीं हो सका।

सभापति महोदया, यहां सभी ने चर्चाएं की हैं कि किसान की फसल का उचित दाम नहीं दिया जा रहा है। सवाल यह है कि उत्पादन खर्च में जब तक कमी नहीं की जायेगी, तब तक कुछ नहीं होगा। आज कृषि के सारे औजार महंगे हो गये हैं। कृषि के क्षेत्र में उपयोग आने वाली सारी सामग्री महंगी होती जा रही हैं, लेकिन उसके उत्पादन को जिस अनुपात से मूल्य मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पा रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि आखिरकर इसे कभी न कभी तो रोका जायेगा। कृषि मंत्रालय का एक सर्वेक्षण छपा है कि 40 प्रतिशत किसान खेती नहीं करना चाहता। लगभग 12 करोड़ 70 लाख कृषक ऐसे हैं, जो मानते हैं कि खेती का धंधा पूरी तरह से घाटे में चल रहा है। यह कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट है। श्री स्वामीनाथन जी ने बहुत गंभीर बातें कहीं कि आज बड़े किसान खत्म हो रहे हैं और छोटे किसानों की हालत अत्यंत खराब होती जा रही है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया : गणेश सिंह जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री गणेश सिंह : मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। कृषि वैज्ञानिक राजेन्द्र सिंह जी ने कहा कि देश का 60 से 70 प्रतिशत आदमी कृषि कार्य कर रहा है। ...(व्यवधान)

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): कीमत बढ़ाने के लिए सारे सांसदों ने चिंता व्यक्त की है, इसलिए आज कीमत बढ़नी चाहिए। ...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह : नौंवी पंचवर्षीय योजना में विकास दर चार प्रतिशत तय हुई थी, लेकिन उसके लक्ष्य को हम 50 प्रतिशत भी प्राप्त नहीं कर पाये। अभी ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना चल रही है, उसमें भी हमारा लक्ष्य चार प्रतिशत ही है। मैं जानना चाहता हूं कि यह लक्ष्य कभी पूरा होगा या नहीं? इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें कोई न कोई काम करना होगा। आज देश में सिंचाई की वास्तविक स्थिति मात्र 35 प्रतिशत है, जबकि हमारी 65 प्रतिशत खेती मानसून पर निर्भर है तो हम कैसे खेती के धंधे को फायदे का धंधा बना सकते हैं? किसानों के लिए उर्वरक में जो सब्सिडी दी जाती है उसका लाभ ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : गणेश सिंह जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री गणेश सिंह: उर्वरक पैदा करने वाले जो कारखाने हैं, उनको पूरा लाभ मिल रहा है। सरकार औद्योगिक घरानों को दो लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही हैं। अभी माननीय कृषि मंत्री जी ने किसानों का जो कर्जा माफ किया था, उसमें भी भेदभाव था--चाहे किसान बड़ा हो या छोटा। बड़ा किसान ज्यादा खर्च करके लम्बे एरिये में खेती करता है, जबकि छोटा किसान थोड़ा खर्च करके छोटे एरिये में खेती करता है, लेकिन घाटा दोनों को बराबर होता है। फिर ऋण माफी में दोनों के साथ भेदभाव क्यों है? मैं समझता हूं कि यह गलत है, इसलिए किसानों के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए और उन किसानों को भी उसका लाभ मिलना चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार मैं बताना चाहता हूं कि 84 करोड़ ऐसे लोग हैं, जो मात्र 20 रुपया खर्च कर पाते हैं। जिस देश की यह स्थिति हो, उस देश में हमारी अर्थव्यवस्था कहां जा रही है, इन तमाम विषयों पर हमें विचार करना पड़ेगा।

अंत में, मैं एक निवेदन करना चाहूंगा कि हमारा क्षेत्र तथा प्रदेश लगातार तीन-चार वर्षों से सूखे की मार झेल रहा है। वहां खुद केन्द्रीय अध्ययन दल ने जाकर देखा और अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी।

उन्होंने इस बात को कहा था कि मध्य प्रदेश के किसानों को निश्चित तौर पर मदद दी जानी चाहिए। 24,000 करोड़ रूपए का प्रस्ताव राज्य सरकार से आया था, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि एक नया पैसा उनको नहीं दिया गया है। इसी तरह से 62 लाख परिवार मेरे प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे हैं, लेकिन वहां जो खाद्यान्न दिया जा रहा है, वह केवल 42 लाख परिवारों को दिया जा रहा है, 20 लाख परिवारों को उसमें भी छोड़ दिया गया है। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर मध्य प्रदेश सरकार ने कौन सा गलत काम किया है और वहां के लोगों ने कौन सी गलती की है कि उनको पूरा खाद्यान्न भी नहीं दिया जा रहा है। मेरी मांग है कि सरकार शेष लोगों को भी खाद्यान्न दिया जाए...(व्यवधान)

(इति)

सभापति महोदया : आप अब वाइण्ड-अप कीजिए, आपकी आगे वाली बातें रिकॉर्ड में नहीं आएंगी।

...(व्यवधान) *

SHRI S.P.Y. REDDY (NANDYAL): Respected Chairperson, I rise to support the Demands for Grants for the Ministry of Agriculture and the Ministry of Food and Civil Supplies and Public Distribution for the year 2009-10. The GDP in agriculture for the year 2008-09 was only 1.8 per cent which means there was virtually no growth in agriculture. The growth in agriculture is almost stagnant, it is equivalent to zero. Now, the expected GDP in the agriculture sector in 2009-10 has been pegged at 4 per cent. I would like to know from the hon. Minister, on what basis are we expecting this increase in the agriculture sector? What are the factors that will help boost growth in GDP in the agriculture sector from 1.8 per cent to 4 per cent? What is it that has been proposed in the Budget?

My first point is credit flow to farmers. Credit to farmers is very important. Now, is the optimism because our credit flows to the agriculture sector has increased from Rs. 2,87,000 crore to Rs. 3,25,000 crore? Inflation has increased; labour cost has gone up. Thanks to NREGA, labour cost is 100 per cent more. So, whatever has been the increase in the flow of credit to farmers has been nullified by these factors and in real terms there has been no increase in credit flow to the agricultural sector. I want this to be increased.

Is the optimism for growth because of the areas under irrigation has increased? I am sorry to say that the Budget has provided an additional outlay of just Rs. 1000 crore over the last year to AIBP. In our State of Andhra Pradesh, the hon. Chief Minister has found a solution to the problem for the farmers. Availability of water is the panacea for all the ills afflicting the agricultural sector. Water will solve all the problems. The hon. Chief Minister has come out with a project called the *Jalayagnam.* The annual Budget of the State is somewhere in the range of Rs. 35,000 crore to Rs. 40,000 crore. That is the way it should be done. No agricultural activity can take place in the absence of water. Therefore, we should increase the allocation for the irrigation sector.

Is there optimism for growth because of our enhanced allocation in the Budget for micro irrigation? I am sorry to say that the allocation for the micro irrigation in the Budget is only Rs. 300 crore for the entire country whereas the hon. Chief Minister of Andhra Pradesh has allocated a sum of Rs. 600 crore in the Budget for this purpose. He is providing 90 per cent subsidy for drip and sprinkler irrigation. Same is the case in the State of Gujarat. Micro irrigation will help increase the yield with less water and less labour. The quality of the products would also increase. A country like Israel is deriving so much benefit out of this. Why can we not copy such a model? Why can we not increase the outlay for micro irrigation? It should be increased; otherwise GDP in agriculture cannot touch a growth of 4 per cent. It will be less.

Madam, is there optimism for growth because of increased dwindling ground water tables? The situation is alarming. The ground water tables everywhere is going down. Water is a precious commodity and I can say that it is more precious than petrol and diesel. But no provision has been made for repairs and renovation of lakhs and lakhs of old and dilapidated water bodies which are idle and languishing for lack of funds. .

Five years back, our earlier honourable Finance Minister, Shri Chidambaram, had identified the problem that lakhs of water bodies are languishing and had put up a pilot project. He said that as soon as the results come, he will increase the funds but nothing happened. Ground water depends on the repair of lakes, ponds, *talabs,* check dams, etc. It should be done immediately as ground water is very important for agriculture.

Is it because availability of fertilisers has increased and consequently more crop-yields are expected? I do not know the position in other States. But, in my State of Andhra Pradesh, just now my colleague told me that farmers are beaten by the police. Farmers are coming for purchase of fertilisers but not much fertilisers are available. Injustice was done to Andhra Pradesh last time. So, this time, sufficient fertilisers should be made available for the farmers to increase the yields.

Is it because that our budget has provided more funds towards subsidy for farm-mechanization? After NREGA has come, the labour cost has gone up so much that the farmers are not able to engage labourers. Unless large scale farm mechanisation, unless large scale of machinery comes into agriculture, agriculture will become unviable and uneconomical. So, large subsidy should be granted to farm mechanisation and our budget should be focussed on that point.

Is it because our budget has provided any subsidy for solar-fencing of agri-fields so that more number of crops per year can be taken up? Madam, I am an agriculturist. Usually, we take up one crop a year. I know it as I come from a village. We take up only one kharif crop. Though I have got water, I cannot cultivate because of problems arising due to buffaloes, forest animals, theft, etc. Solar fencing is very important as it can increase to two or three crops a year. I request the Minister for

Agriculture, through you, to kindly look into this point.

My next point is about NREGA. We are very happy that you have provided Rs. 39,100 crore for NREGA. It is important but when agricultural activities are going on in full swing, NREGA should be stopped. When agricultural work is not there like during the months of March, April, June, etc., when the workers are idle, then you can enforce it.

Is it because any notable scientific break-through happened in the new hybrid seeds programme? No. We should do a lot of research in hybrid seeds because good quality seeds are important as they contribute towards high yields of crops.

Is it because you have allowed free exports of agricultural commodities so that farmers are getting more for their produce and thus get encouraged to produce more and more? I find that the Government of Andhra Pradesh does not allow paddy to be moved into Tamil Nadu. If it reaches Tamil Nadu, our farmers will get more price. But it is banned. It is injustice because farmers have put in hard work and they should sell it wherever they like. Hence, the agricultural commodities should be allowed free export so that farmers will get their due prices and thus get encouraged to produce more and more. Unless this is done, we will not able to increase our GDP.

Madam, lastly, 60 to 65 per cent of our population depends on agriculture but allocation for agriculture is very meagre. Kindly focus on agriculture and increase the budget amount for agriculture so that agriculture prospers.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति महोदया, जानकारों का कहना है कि हिन्दुस्तान की खेती जुए के समान है। जानकारों का यह भी कहना है कि हिन्दुस्तान का असली कृषि मंत्री मानसून होता है। लेकिन इस साल मानसून ने धोखा दिया। देश के ज्यादातर हिस्सों में अत्यल्पवृष्टि हुई, कहीं बारिश हुई ही नहीं। कहीं-कहीं वर्षा की सूचना है, लेकिन ज्यादातर हिस्सों में वर्षा नहीं हुई। मेरी बगल में कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्य मंत्री धरम सिंह जी बैठे हुए हैं। मैंने इनसे पूछा तो इन्होंने बताया कि इनके राज्य में चार जिलों में वर्षा हुई है, बाकी सब जिले सूखे से ग्रसित हैं। इसी तरह अन्य राज्यों, चाहे उत्तर हो या दक्षिण, ज्यादातर हिस्सों में बारिश नहीं हुई है। बिहार में भी नहीं हुई। उत्तर भारत के ज्यादातर प्रदेशों में वर्षा नहीं हुई है। कहीं-कहीं थोड़ी बहुत वर्षा हुई है। शुरू में किरकिता नक्षत्र में वर्षा हुई, आईला नाम का तुफान आया और कहा गया कि मानसून आ गया। लेकिन उसके बाद वर्षा नहीं हुई। किसान लोग कहते हैं कि अभी सावन महीना है और पुरवैया चल रही है। कवि घाघ ने कहा है कि " सावन मास बहे पुरवैया, बेंचऊ बरदा किन्हो गइया" । मतलब यह है कि गाय खरीदिये या बैल बेचिये, खेती कुछ होगी नहीं। अभी तक वर्षा हुई नहीं, फसल सूख गयी है। किसानों द्वारा कहीं-कहीं, फसल अपनी मेहनत से, बोरिंग करके की थी, वह बर्बाद हो गयी। बिजरे सूख गये हैं और फसल की बर्बादी होनी थी, वह हो गयी। इतिहास बताता है कि पुराने जमाने में जब वर्षा नहीं हुई थी, सूखाड़ पड़ गया था, तब राजा जनक ने हल चलाने का काम किया था। अभी की सरकार कहां है? अभी तक सरकार ने क्या किया है? एक बार राज्य सरकारों के साथ बैठक हुई है। एक जून को बैठक हुई थी, जिसमें तय हुआ था कि 15 जुलाई तक वर्षा नहीं होगी तो हम उपाय करेंगे। आज तो 20 जुलाई है। ऐसा फैसला क्यों किया गया, वर्षा की प्रतीक्षा क्यों की गयी? जब शुरूआती दौर में वर्षा नहीं हुई तो उपाय क्यों नहीं किया गया? " आदि न बरसे आद्रा, अंत न बरसे हस्त, कहे घाघ सुनु भड्डरी यह सब है अनर्थ" । उसी समय सरकार को सजग हो जाना चाहिए था। मैं उम्मीद नहीं करता कि सरकार सारे कष्टों का हरण कर लेगी। लेकिन किसान के साथ सरकार को खड़ा होना चाहिये। सरकार द्वारा राहत का इंतजाम होना चाहिए। अभी तक जो उपाय होने चाहिए, वे नहीं हुए हैं। राज्य सरकारों ने क्या रिपोर्ट्स दी हैं? ट्रांसफोरमर्स जले हुए है, नहीं तो किसान उपाय करके कुछ खेती कर पाते, राजकीय नलकूप बंद पड़े हुए हैं, बिजली किसानों को मुहैया नहीं हो रही है। डीजल की कीमत बढ़ने के किसान तबाह हैं, किसान का क्या भविष्य होगा?

किसान का भविष्य और भूतकाल दोनों खतरे में है। किसान ने जो उत्पादन किया, सरकार ने दावा किया कि हमने दाम बहुत बढ़ा दिये, न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया, लेकिन किसानों को वह मिला नहीं है। अभी-अभी कई माननीय सदस्य बोल रहे थे कि एफसीआई विफल रही है। माननीय कृषि मंत्री जी ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि राज्य सरकारों की भी जिम्मेदारी है, वह प्रक्योरमेंट करे। हालांकि यह पॉलिसी है कि राज्य सरकार प्रक्योरमेंट करे, जिससे किसानों को सहूलियत हो। तो क्या वहां की राज्य सरकारें नहीं जानती कि प्रक्योरमेंट कैसे होता है? मुझे सूचना है कि एफसीआई के गोदाम के बगल में व्यापारी बैठा हुआ है, वह 150-200 रुपये कम में खरीद रहा है, लेकिन एफसीआई में किसान जाता है तो कहते हैं कि जगह नहीं है, तराजू नहीं है, इंतजाम नहीं है। इस तरह से किसान का भूतकाल खतरे में है। जो उपज हुई, उसका मूल्य उसे मिला नहीं। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर ठीक काम किया है, लेकिन जब तक किसान को बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा, उसका कोई मतलब नहीं है। किसानों का वर्तमान भी खतरे में है। किसान का भूतकाल, भविष्य काल और वर्तमान काल, तीनों काल खतरे में है। मैं गांव गया था, वहां मैंने पूछा कि सब्जी का भाव क्या है, बताया गया कि दो रुपये किलो है। पटना में वही सब्जी हमारे घर 20 रुपये किलो आई और यहां दिल्ली में वही सब्जी 60 रुपये किलो है। किसान को मिल रहा है दो रुपया और दिल्ली में उपभोक्ता, उसी सब्जी के 60 रुपये दे रहा है। इस तरह के किसान को उसकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा है।

सदन में दाल की कीमतों पर चिंता जाहिर की जा रही है। फायदा किसको मिल रहा है, इसे हमें समझना चाहिए। इसलिए किसान के सिर पर भारी संकट है और सुखाड़ के कारण किसान का भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों खतरे में है। अभी तक हमने नहीं सुना कि

राज्य सरकार या केन्द्र सरकार किसानों के साथ इस संकट की घड़ी में खड़ी है। कहां है सरकार की डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी?

महोदया, मैं पूछना चाहता हूं कि कहां सरकार किसानों के साथ है? किसानों को सिंचाई का, उनकी सहायता का, उन्हें फसल का उचित मूल्य दिलाने का, सभी प्रकार की सहायता देने की व्यवस्था कहां सरकार ने की है? ये सभी काम सरकार को करने चाहिए।

महोदया, मैं किसानों की एक और समस्या की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। किसानों को लाखों-करोड़ों रुपयों की सब्सीडी मिल रही है, लेकिन किसानों को उस सब्सीडी का कितना लाभ मिल रहा है। अब उन्हें सीधे सब्सीडी देने की योजना बन रही है, सोच-विचार हो रहा है। खाद में सब्सीडी होगी। किसानों के लिए मजदूरी कैसे तय होगी? क्या हिंदुस्तान में मकैनिकल खेती हो गई है?

सभापति महोदया : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदया, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। किसानों को मजदूर मिलना चाहिए। मैं गांव में गया था। गरीबों के लिए रोजगार गारंटी योजना शुरू की गई, बहुत बड़ा काम हुआ और योजना भी बहुत सफल हुई। सात करोड़ खाते खुले। साढ़े चार करोड़ मजदूरों को काम मिला। किसान कहता है कि मजदूरों के लिए रोजगार गारंटी योजना है, उसी तरह से किसानों के लिए मजदूर गारंटी शुरू की जाए। किसानों को मजदूर नहीं मिल रहा है। सब चीजों में सब्सीडी है, तो मजदूरों में सब्सीडी क्यों नहीं है? कहां है फारमर कमिशन, कहां है विशेषज्ञ, कहां है जानकार, किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं। किसानों को ज्यादा मजदूरी देनी पड़ रही है। ज्यादातर किसान मजदूरों को मजदूरी नहीं दे पा रहे हैं। मिनिमम वेजेज एक्ट, 1948 का सैक्शन-3 केवल कागज में है। किसान मजदूरी देने की स्थिति में नहीं है। इस पर विचार क्यों नहीं हो रहा है? मजदूरी में किसानों के लिए सब्सीडी होनी चाहिए। किसान की हालत बहुत ठीक नहीं है। सरकार के प्रयास मैं नहीं देख रहा हूं। जो नुकसान होना था, वह हो गया है। इस साल फसल का क्या अनुमान है?

सभापति महोदय : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : हिंदुस्तान जैसा देश विदेशों से आयात पर निर्भर कर रहा है। इतने बड़े देश की रीढ़ किसान है। इक्नोमिक ग्रोथ रुक जाएगी। किसानों के लिए सरकार को आगे आना चाहिए। राज्य सरकारों को आगे आना चाहिए। राज्यों से सूचना लेकर योजना बनानी चाहिए कि सूखाढ़ से कैसे मुकाबला होगा। कल पटना में पार्टी की तरफ से धरना दिया गया। बाबू जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा के निकट धरना हुआ।

सभापति महोदय : आप बैठ जाइए, नहीं तो आगे आपकी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी। मंत्री जी का रिप्लाई भी होना है।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदया, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। सरकार को किसानों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। किसानों की मदद करने के लिए, किसानों का मनोबल बढ़ाने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए। सरकार को देखना चाहिए कि सरकार कहां है और किसानों की क्या स्थिति है।

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): महोदया, अभी बहुत अच्छा भाषण माननीय सदस्य ने दिया है। हमारे नरेगा के मंत्री भी थे, बहुत अच्छा काम हुआ है, वह भी कहा है, लेकिन अब क्या करना चाहिए, यह बताते तो ज्यादा अच्छा होता और फायदा होता। महोदया, मैं कह सकता हूं कि आज के कृषि मंत्री को कृषि क्षेत्र की पूरी जानकारी है। हमने उनके साथ 30-35 साल काम किया है। उन्हें मालूम है कि किसानों की क्या हालत है और क्या करना चाहिए। इस बजट के अंदर आपने देखा होगा कि कृषि के लिए तीन लाख पच्चीस हजार करोड़ रुपयों का प्रावधान मंत्री जी ने किया है। लेकिन मैं फिर भी कहना चाहता हूं कि किसानों की हालत दिन-ब-दिन सुधरने की बजाय बिगड़ती जा रही है। हमारे विदर्भ में कुछ दिनों से पानी आया है, लेकिन कुछ जिलों में अभी भी सूखाढ़ की स्थिति है। हमने देखा है कि किसानों का जो उत्पादन होता है, लगातार 20-25 साल से वह फायदे का धंधा नहीं रह गया है। यह सभी लोग मानते हैं, लेकिन फिर भी किसानों के लिए कोई और धंधा नहीं है। किसान मरता नहीं है, लेकिन किसी तरह से अपने को जिंदा रखे हुए है। इतनी बुरी हालत देश में आज किसानों की है।

मुझे मालूम है कि 15-20 साल पहले पवार जी जब विरोधी पक्ष के नेता थे, उस समय उन्होंने रैली भी की थी और 250 मील तक हम पैदल चले। उस समय भी हमने जो मांगें रखीं थीं, आज भी पूरे देश के अंदर वे मांगें पूरी नहीं हो पाई हैं। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह विदर्भ का पिछड़ा हिस्सा है और मैं जिस वर्धा निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आया हूं, जहां महात्मा गांधी जी और विनोबा जी एक साथ रहे हैं। वहां आज भी हर 15-20 दिन के बाद किसान आत्महत्या कर रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (मुंगेर): उसके बाद भी आप वहां हैं।...(व्यवधान)

श्री दत्ता मेघे : मुझे लोगों ने उसके बाद भी चुनकर भेजा है, यह बड़ी बात है।...(व्यवधान) वहां के किसानों की हालत दिन पर दिन खराब होती जा रही है। उनकी कर्जा माफी भी की गई है। कई अन्य नेताओं के साथ हमारे राहुल गांधी जी वहां गये। हमारे किसानों से उनकी प्रत्यक्ष बातचीत हुई और उन किसानों का ऋण माफ होना चाहिए, इसके बारे में पूरी योजना तय हुई और 3750 करोड़ रुपये का पैकेज भी दिया गया, उसके अन्तर्गत भी काम किया गया लेकिन आज भी उस पैकेज का पूरा लाभ किसान तक नहीं पहुंच पाया है। इरीगेशन की परियोजनाएं अभी पूरी हो रही हैं। मैं यह मांग करना चाहता हूं कि जहां आज भी आत्महत्याएं हो रही हैं और जिनके लिए यह कर्जा माफी की गई है, यह बहुत अच्छा काम किया गया है। पांच एकड़ के नीचे जो गरीब किसान था, उनको राहत मिली है। जो हमारे किसान साहूकारों से लोन लेते थे, उसमें भी उनको बहुत तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। जहां आज भी किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, हालांकि इन आत्महत्याओं की संख्या में कमी आई है, लेकिन आज भी वहां किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। जब तक हम पूरी तरह से इन आत्महत्याओं को नहीं रोकेंगे, तब तक इस पैकेज का और यह ऋण माफ करने का फायदा नहीं होगा। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उन 6-7 जिलों के अंदर वहां हर गांव में स्वामीनाथन जी गये और महीना-भर घूमते रहे, उनकी भी एक रिपोर्ट आई है। उस रिपोर्ट के बारे में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उसके बाद यादव कमीशन आया। इस कमीशन के अंदर पूरा ब्यौरा लिया गया। ये दोनों कमीशन किसान के फायदे में थे लेकिन उनका फायदा आज भी वहां के किसानों को नहीं मिल रहा है। मैं यही कहूंगा कि वहां के किसानों को उनके उत्पादन का पूरा खर्चा नहीं मिलता है, इसके लिए भी उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : अब आप वाइन्ड-अप करें।

श्री दत्ता मेघे : महोदया, मुझे 5 मिनट तो दीजिए। उस दिन भी आपने समय नहीं दिया था।

सभापति महोदया : मैं आपको रोक नहीं रही हूं। मैं आपको याद दिला रही हूं।

श्री दत्ता मेघे : महोदया, पवार साहब को भी विदर्भ के हर जिले, हर तालुका के बारे में जानकारी है। मैं आपके माध्यम से यह चाहूंगा कि पवार साहब खुद इस तरफ ध्यान दें और वहां के किसानों की हालत जो दिन पर दिन खराब हो रही है, उसमें कुछ सुधार लाएं। मेरा सरकार से निवेदन है कि यह पैकेज उनके लिए और एक बार शुरु होना चाहिए। हमारे मुख्य मंत्री जी ने भी इस स्कीम के लिए कहा है। हम माननीय प्रधान मंत्री जी से कहेंगे कि जहां वह विभाग है, जहां पर यह काम आज नहीं हो पा रहा है, उनके बारे में मैं आपके माध्यम से पवार जी से प्रार्थना करूंगा कि आप वहां का ब्यौरा लीजिए और जो किसान वहां आत्महत्याएं कर रहे हैं, वे न करें। ये आत्महत्याएं पूरी तरह से बंद होनी चाहिए। पिछली बार जो भी पैकेज मिला, उसके अंदर उनके बच्चों की शादी का काम हुआ। काफी अच्छा काम किया गया है लेकिन वह काम पूरा नहीं हो पाया और बीच में ही बंद हो गया। इसलिए वह काम फिर से शुरु होना चाहिए ताकि वहां के किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो ताकि किसान आत्महत्याएं न करें। यह जो कृषि मंत्रालय का बजट है, यह बहुत अच्छा बजट है और इस बजट में किसानों के लाभ के लिए बहुत सारे प्रावधान किये गये हैं, काम भी अच्छा हो रहा है। महाराष्ट्र में जो रोजगार गारंटी योजना थी, उसकी एक कॉपी नरेगा में दी गई है।

रघुवंश जी, आप जब मंत्री थे, बहुत अच्छा काम उस समय हुआ और आज भी हो रहा है। हम तो चाहते थे, आप जैसे लोग मंत्री बने, क्यों नहीं बने, मुझे नहीं मालूम। लेकिन आप जैसे व्यक्ति जो किसानों, गरीबों और ग्रामीण विभाग की जो व्यवस्था देख सकते हैं, ...(व्यवधान) आप जैसे लोगों को मंत्री बनना चाहिए। आप जिस ढंग से बातचीत करते हैं, जिस ढंग से आपके मंत्रालय में पिछली बार काम हुआ, वह काम बहुत अच्छा हुआ है। लोगों को रोजगार मिला है। जो हमारे यहां छोटे-छोटे उद्योग हैं, हमारे यहां जो संतरा है, इस उद्योग की तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए। हमारे पवार साहब को सब बातें मालूम हैं इसलिए मेरा निवेदन है कि उनको राहत दी जाए। मुझे लगता है यह बजट बहुत अच्छा है और अच्छा काम हो रहा है। जिन किसानों की हालत खराब है, उनके लिए स्पेशल पैकेज देकर किसानों को लाभ पहुंचाएंगे, ऐसी मुझे उम्मीद है।

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Madam Chairperson, I thank you for giving me this opportunity to speak in support of the Demands for Grants pertaining to the Ministry of Agriculture. I would like to bring to the notice of the hon. Agriculture Minister a few things.

First of all, GM regime is something which, I think, a State like Sikkim will completely oppose because the North Eastern Region, which is the bio-diversity security of the country, should not be exposed to any kind of GM regime and this is a request that I would like to put before the hon. Minister. The North Eastern Region, as I said, houses a huge amount of bio-diversity. About 30 per cent of the bio-diversity of this country and the bio-diversity security of this nation are housed in the North Eastern Region. So it would be a great disaster if we do not have a well thought out GM regime for this country.

Secondly, on the adaptability front, as I listen to the debates and as I listen to the speeches of hon. Members in this august

House, one of the key things that comes to my mind is that we need an adaptability and a mitigation programme which needs to be put in place as far as the agriculture sector is concerned in general and, I think, for the food security of this country. As we talk about food security, I think, a Food Security Bill will be brought before this House. This is a very welcome step.

Finally, I would request to the hon. Minister that when he looks at mountain States, the issues of local food production needs to be carefully assessed because it is very cumbersome to bring food from the plains up to the mountains. A State like Sikkim is an organic State and, therefore, organic farming practices should be incentivised and all support from the Agriculture Ministry would be welcome on this front.

SHRI FRANCISCO COSME SARDINHA (SOUTH GOA): Madam Chairperson, I rise to support the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture.

Madam, before the loan waiver, every second day we used to hear about suicidal deaths of farmers. Now, after the loan waiver, we have hardly heard about any suicidal deaths among farmers because this was a big relief. No doubt, over the years our country, which was importing even cereals, is today not only self-sufficient, but we are in a stage even to export, but we cannot be complacent. If you see the production per hectare in sugarcane or paddy in our country as compared to the developed countries, we are lagging far behind. No doubt, we have an institution like the ICAR where they are trying to improve the seed all the time, but still I do not know as to what is the reason for our low productivity. Maybe, the inputs that we are giving are less or the fertilizer that we apply may be less. But surely, if agriculture is going to be made economical in every State, we have to see that the productivity per hectare increases.

Madam, I hail from Goa and we do not have big farmers. We have fragmentation of land. We have mountainous land and we hardly have any irrigated land. We also do not have agricultural labour. That is why, we have to import labour from the adjoining States. So, I would request the hon. Agriculture Minister to give us one time grant or give us harvesting combines which are imported from adjoining countries.

Madam, if whatever is planted is not harvested in time, our agriculture, including paddy production, will gradually stop. I would request the hon. Minister to give us six harvesting combines because many a times the labour is not available even to harvest in Goa. All the time people come from other States and it brings all the other types of imbalances in the State. So, that is the reason we have to go for these types of tractors and especially we need the harvesting machines.

Madam, we have got two or three cash crops. One is coconut, like we have in Kerala. For the last two years coconut has been attacked by the mite disease. Either the production has decreased or the size of the nut is very small. I know that ICAR is doing research on this but till now they have not been able to fight this epidemic.

Secondly, my colleagues have referred to the wilt root disease. Up to now, after 40 to 50 years, we have not been able to save the coconut trees from this disease. The only solution is we have to cut the tree and replace it. I would request the hon. Minister to see to it that the scientists work on this and improve this so that some solution comes up in order to save all these trees.

If you want to improve and increase the number of nuts, which are produced, then we have to use fertilizer. We do not have irrigation, so at least, we should have fertilizer. So, I would request the hon. Minister to give grants to the Coconut Board so that in turn, it percolates to the farmers and the production of nuts can be increased per tree.

The second crop is cashew. We have got around 55,000 hectares under cashew cultivation and per hectare it produces about 550 kgs. to 600 kgs. It is much below as compared to other countries where the production is much more. Here also if it could be irrigated and fertilizer could be applied the production per hectare could be much more. But irrigation is not possible because as I said, ours is undulated land, mostly on the hills. So irrigation is not possible. But at least fertilizer grant could be given to these farmers so that the production could be increased, at least, to 1,000 kgs. per hectare.

Madam, I would like to make my last point. Our rivers are saline up to the point they rise. The tidal waters or the tides are very strong. It is not like other places where you go backward you have fresh waters. Ours is saline or brackish waters and all the fields that are inside are guarded by bunds. These bunds either have breaches or are in dilapidated condition. They have to be repaired. We have got Soil Conservation Department, but the State is not in a position to repair these bunds. So, I would request the hon. Minister to see that a special grant is given to our State so that all these bunds are maintained and the breaches are closed and that agriculture and paddy cultivation is saved from all these catastrophes.

With this, once again, I support the Demands for Grants relating to the Ministry of Agriculture. I also thank you for giving me this opportunity.

*__श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर)__: वर्ष 2009-10 केक कृषि मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों पर आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी को कृषि एवं पशुपालन के विकास हेतु निमनांकित कुछ सुझाव प्रस्तुत कर रहा हूं-

राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र जहां से मैं आता हूं। बीकानेर सम्भाग के हनुमानगढ़ से बाड़मेर तक के क्षेत्र में सेवण घास, भूरट, डचाभ, गढ़िया, पाला एवम् मोठ, बाजरा, तिल, मूंग, ग्वार इत्यादिक की खेती मुख्य रूप से की जाती है एवं यहां के लोगों का पशुपालन जीवन का अभिन्न अंग था और आज भी है। परन्तु स्थाई घास का पूरी तरह से पतन कर दिया गया है, जिसके फलस्वरूप पशुओं का भी सफाया होना शुरू हो गया है। सारी स्थिति का गहराई से अध्ययन करने के पश्चात् स्पष्ट हो चुका है कि संबंधित क्षेत्र में प्राकृतिक घास उगाकर पशुपालन करना ही सर्वश्रेष्ठ रहेगा।

इन्दिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र में नहर का पानी आने से खाने योग्य अनाज तो पैदा होने लगा है, लेकिन अभी भी किसानों के जीवन का आधार पशुपालन ही है। नहरी क्षेत्र में पानी की चोरी करने वाले कास्तकार अधिक खेत पकाते हैं और पशओं पर ध्यान नहीं देते शेष सभी किसान, गाय, भैंस, भेड़ बकरी, ऊटगाड़ा इत्यादि से अपना भरण पोषण करते हैं। इन्दिरा गांधी नहर परियोजना दो चरणों में विभाजित है। प्रथम चरण में पशुओं की संख्या कम है ओर इस क्षेत्र में कृषि पशुपालन भैस रखने में ज्यादा रूचि रखता है तथा गायों भी काफी संख्या में है परन्तु द्वितीय चरण में पशुओं की संख्या ज्यादा है।

बीकानेर जिला दुग्ध उत्पादक संघ के विशेषज्ञों ने उत्तरी पश्चिमी राजस्थान का पुरा सर्वेक्षण करके इस नतीजे पर पहुंचे है कि प्राकृतिक वनस्पति जिसमें घास एवं पारम्परिक खेती के साथ पशुपालक कृषकों का उत्थान होगा और इससे रोजगार के नये स्त्रोत खुलेंगे, जिससे आम नागरिकों को फायदा होगा।

उत्तरी पश्चिमी राजस्थान का जीवन-आधार पशुपालन एवं पारंपरिक खेती के साथ घस उत्पादन किया जाना था। स्वतंत्रता के पश्चात् नई तकनीकी अपना कर सेवण घस, भूरट डचाभ गड़िया, पाला इत्यादिक को पूर्णतया नष्ट कर दिया गया हैदय। इस क्षेत्र के किसानों का पशुओं के लिए उत्तर घास सेवण, भूरट, पाला डचाभ इत्यादि उगाकर पशुपालन करने से किसान को अधिक लाभ होगा इसके साथ पारम्परिक खेती करने से अच्छी गुणवत्ता वाला अनाज पैदा होगा।

इन्दिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र में सेवण घास उगाकर पशुपालन किया जाने पर प्रति मुरबे की आय में 10 गुणा तक बढोत्तरी होना निश्चित है। मुंगफली, गेहूं, नरमा उगाने के अनुपात में सेवण घास उगाने पर खर्चा आधे से भी कम होगा एवं पच्चीस बीघे में तीस गाय एवं 100 भेड़ बकरियों का चारा उत्पादित होगा। इसके साथ ही पारम्परिक खेती का लाभ भी वर्तमान खेती से कम नहीं होगा और तीस गायों का दुग्ध रोज 300 ली. उत्पादित होगा जिसका मूल्या 4500 रू. प्रतिदिन होगा साथ ही 450 किलो गोबर प्रतिदिन प्राप्त होगा, जिसकी 2250 रू प्रतिदिन आय है। इसके अतिरिक्त भेड़ बकरियों की आय 100 रू. प्रतिदिन होगी। इन पशुओं के लिए चारा खेत से ही उगाकर दिया जायेगा एवं पानी की व्यवस्था सिंचित क्षेत्र में उपलब्ध है मात्र चाटा एवं रख रखाव का पैसा ही व्यय होगा। पारम्परिक खेती की आय खरीफ व रबी दोनों फसलों को मिलाकर 10,000 रू. प्रति बीघा निश्चित है। सेवण घास एवं पारम्परिक खेती के ए सिंचाई पानी मात्र 2 क्युसिक प्रति हैक्टेयर लगाकर उत्तर खेती प्रापत की जा सकती है।

सेवण घास के लिए सिंचित एवं असंचित कोई प्रश्न ही नहीं उठता है क्योंकि सेवण भूरट डचाभ, फोग, पाला इत्यादि टिब्बों का श्रृंगार है और फववारा सिंचाई से केवल सिलन मात्र से ही उत्तम उत्पादन लिया जा सकता है।

उत्तरी पश्चिमी राजस्थान में लाखों हेक्टेयर भूमि को नकारा करार दिया जाकर छोड़ रखा है जो थोड़े से ही सोना उगलेगी ओर लगभग 2 करोड़ गाये एवं 20 करोड़ भेड-बकरियों को आसानी से चारा उपलब्ध करवाया जा सकता है। 2 करोड़ गायों का दुग्ध 20 करोड़ लीटर प्रतिदिन होना निश्चित है, जिसकी आय 300 करोड़ रूपये प्रतिदिन होगी। जिसमें बकरियों का दुग्ध, भेड़ों की ऊन व खाद के रूप में मिगणियों को मिलकाकर अनुपात निकाला गया है। इसके अतिरिक्त इनकी बढ़ोत्तरी भी प्रतिवर्ष तीन गुणा होती है। क्योंकि भेड़ बकरी साल में दो बार ब्याहती है और इन पर खर्चा मात्र देखरेख एवं रखवाली का ही होता है।

इस क्षेत्र में बरसाती पानी को एकत्रित करने का पिछले साठ वर्षों से कोई प्रयास नहीं किया गया है, जिसके फलस्वरूप इन्दिरा गांधी नहर एवु कुओं के पानी पर ही निर्भर रहना महंगा साबित हो रहा है। मेरा इस संबंध में सुझाव है कि राजस्थान राज्य की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसान के लिए एक लाख लीटर क्षमता वाला वाटर टैंक बनाने की अनमति किसान के स्वयं के खेत में दी जावें, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के लिए

बेहतर आधारभूत ढांचा विकसित हो सके एवं किसान अपने स्वयं के खेत में खेती के साथ-साथ बागवानी के लिए भी अग्रसर हो सकें एवं आय के अतिरिक्त स्रोत भी विकसित हो सके। प्रथमतः राजस्थान के सभी 11 मरूस्थली जिलों में सभी 5 लाख लघु एवं सीमान्त कृषकों को इस कार्यक्रम में सम्मिलत किया जावें। इसके लिए तकनीकी दृष्टि से 15 फुट व्यास एवं 20 फुट गहरा टांका बनाना आवश्यक है, जिसके चारों ओर प्रत्येक जिले की औसत वर्षा के आधार पर कम से कम 60 से 80 फुट व्यास का जलग्रहण क्षेत्र (आगौर) बनाया जाए। इस योजना के क्रियान्वयन में हमारा यह भी सुझाव है कि जलग्रहण क्षेत्र स्थानीय मुरड़ या अन्य सामग्री से कुटाई कर पक्का बनाया जाए जिससे एक ही अच्छी वर्षा से टांका पूरा भर जाए। इस माप के टांके एवं आगौर के निर्माण पर तकनीकी आकलन के आधार पर लगभग 80,000/- का खर्चा आएगा। जिसमें लगभग 50 प्रतिशत श्रम पेटे एवं 50 प्रतिशत राशि सामग्री पेटे आवश्यक होगी। टांकों का निर्माण सभी की सहभागिता से कृषकों द्वारा स्वयं ही अपने-अपने खेत में किया जाएगा। जिससे उसके परिवार के सदस्य एवं गांव में उपलब्ध भूमिहीन श्रमिक एवं अन्य बेरोजगार श्रमिकों को भारी संख्या में श्रम रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा।

सेवण घास पर्याप्त मात्रा में होने से उत्तरी पश्चिमी राजस्थान में मतीरा भी खूब उगाया जा सकता है एवं इसके साथ साथ अति भयंकर खुशबू वाला फल काकडिया भी उगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में मेडिस्नल वेल्यु के पौधे जैसे तूम्बा, फोग, आकड़ा इत्यादि भी खूब विकसित किये जा सकते हैं, जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

इन्दिरा गाँधी नहर क्षेत्र के बीच आने वाले टिब्बों पर सेवण घास उगाने के लिए इन्दिरा गांधी नहर परियोजना से ही पानी उपलब्ध कराया जा सकता है। चालू व्यवस्था में परिवर्तन किया जाकर जल वितरण मात्रा घटाई जाकर बचत की जा सकती है क्योंकि अधिकांश पशुपालक कृषक संघ से जुड़कर पशुपालन एवं घास उगाने में अपनी रूचित दिखायेंगे जिससे स्वतः ही जन बचत संभव है।

पूरे पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देकर प्रत्येक किसान को किसान की रूचि के अनुसार कम से कम पांच पशु उपलब्ध करवाकर किसानों के बीच ए.पी.एल./बी.पी.एल. का भेद मिटाकर प्रत्येक किसान के खेत में 1 लाख लीटर क्षमता का कुण्ड बनवाकर खेती के साथ-साथ पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, मेडिसनल प्लान्ट, होर्टिकल्चर आदि को बढ़ावा देकर कृषी का समग्र विकास किया जा सकता है एवं किसानों की माली हालत को सुधारा जा सकता है।

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY (KOKRAJHAR): Hon. Madam Chairperson, I am quite grateful to you for giving me this opportunity to participate in the debate and discussion being held on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Agriculture for 2009-10.

17.00 hrs.

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

I rise to support these Demands for Grants asked by the hon. Union Minister of Agriculture, but at the same time, I would like to submit some of my critical observations on certain serious issues and points.

It relates to the multifarious agriculture sector-based problems being faced by the people of the North-Eastern Region and particularly the people of Bodoland area. You will be surprised to hear that this year a very serious kind of drought situation is going on in spite of Assam being the land of many rivers and tributaries. असम में बड़ी संख्या में नदियां हैं। हर साल पानी से नदियां भरी रहती हैं लेकिन इस साल बहुत कम बारिश हुई है। बारिश न होने की वजह से असम के सारे जिले सूखे से प्रभावित हुए हैं। अब तक असम के 27 जिलों में से 14 जिलों को ड्रॉट हिट घोषित किया गया है लेकिन मेरी मांग है कि असम के जितने जिले हैं, उन सब को ड्रॉट हिट और फ्लड इफैक्टेड डिस्ट्रिक्ट्स के रूप में घोषित किया जाये। असम के लिये कम से कम 1000 करोड़ रुपये का सैंटर से स्पेशल पैकेज देने की जरूरत है। मैं आपके जरिये मांग करता हूं कि बोडोलैंड अंचल में कृषि डेवलेपमेंट करने के लिये हर साल कम से कम 500 करोड़ रुपया सैंक्शन किया जाये। आप सब को सुनकर आश्चर्य होगा कि बोडोलैंड की आबादी 30 लाख है लेकिन इस साल के बजट में उसके लिये केवल 50 करोड़ रुपया आबंटित किया गया है। It is a great humiliation for the people of the Bodoland territory. अगर 30 लाख की आबादी के लिये केवल 50 करोड़ रुपया देंगे तो उससे क्या होगा? There are some small States and some small Union Territories in the country like Pondicherry, Lakshadweep, Goa, Daman & Diu, Sikkim and so on and so forth. All these smaller States and Union Territories have been given a huge amount of Central fund.इन राज्यों और केंद्रीय शासित अंचलें को कम से कम 2000-3000 करोड़ रू. से 5000 करोड़ रूपए तक दिया गया, बोडोलैंड को सिर्फ 50 करोड़ रुपया। इसलिये मैं मांग करता हूं कि बोडोलैंड ऐरिया की उन्नति के लिये कम से कम एक केन्द्रीय कृषि

विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने की जरूरत है जिसका नाम बोडोलैंड राजीव गांधी सैंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी रखा जाये।

इसके साथ साथ बोडोलैंड ऐरिया में किसानों के लिये एक लाख ट्रैक्टर हिन्दुस्तान की सरकार देने का काम करे क्योंकि आज तक भी हमारे किसानों को बैलों से हल जोतना पड़ रहा है । एक बैल की कीमत 30 से 50 हजार रुपये है, जिसे गरीब किसान खरीद नहीं सकता है। ईरिगेशन का सिस्टम वहां नहीं है, इसलिये एक लाख ट्रेक्टर्स वहां के किसानों के लिये दिये जायें। बोडोलैंड ऐरिया के जिलों को 1000 करोड़ रुपया देने की जरूरत है। कम से कम 20 कोल्ड स्टोरेज बोडोलैंड एरिया में सैटअप करने की जरूरत है, 10 कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की जरूरत है। मेरे क्षेत्र में सरभीज नामक जगह में एक रेमी रिसर्च सेंटर है। उस रेमी रिसर्च सेंटर को अपग्रेड करके रेमी रिसर्च इंस्टीटयूट करने की जरूरत है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : You can lay the rest of your speech on the Table of the House. Now, please conclude.

श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी : बोडोलैंड अंचल के हर किसान को कम से कम दो लाख रूपए सेंट्रल गवर्नमेंट को देना चाहिए क्योंकि उसे बैल खरीदना पड़ेगा, टयूवेल के लिए बोरिंग खोदना पड़ेगा। ाहोदय, मैं आपके जरिये आदरणीय कृÂिा मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि मेरी मांग स्वीकार की जाए।

महोदय, मैं आपके जरिए आदरणीय कृषि मंत्री से प्रार्थना करता हूं कि मेरी सारी मांग स्वीकार की जाए । I also lay a part of my speech on Table of the House.

*I support the Demands for Grants for the Ministry of Agriculture for 2009-2010 with some critical observation on certain issues and matters that pertain to the long pending genuine demands and grievances in respect to the urgent need of the centre's pro-active action plans and effective initiatives for the development of agriculture sector within our Bodoland territory in particular and also in the entire North-Eastern States that I have been raising since the recent past couple of decades back.

In this regard, through you, I would like to appeal to the Government of India to conclude the following long pending demands without any further more delay.

.. This part of the Speech was laid on the Table.

The Ministry of Agriculture should take effective initiative to help set up one Central Agriculture University with the name and style of Bodoland Rajiv Gandhi Central Agriculture University at Kokrazhar during 2009-2010.

The Ministry of Agriculture should sanction minimum of Rs.500 crore as special central package in favour of Bodoland territory in order to face the present day drought situation and to meet the impeding grim famine and food crisis;

The Government of India should sanction at least 1,00000 (One lakh) Nos. of tractors for the Bodoland territory.

All the districts of Assam should be declared as drought hit and flood hit(affected) districts and minimum of Rs.1000 crore should be sanctioned in favour of Assam in line with the Special Central Assistance provided to West Bengal for relief and rehabilitation of the 'Aila' affected people and also for doing re-construction works.

The Centre should set up as many as 20 numbers of cold-storages within Bodoland territory;

The Ministry should take appropriate steps to set up at least 10 numbers of Krishi Vigyan Kendras within Bodoland.

The Ministry of Agriculture should take appropriate steps to help upgrade the 'Ramie Research Centre', Sarbhog in Barpeta district to Ramie Research Institute of large scale for the development of Ramie sector in lower Assam;

The Ministry of Agriculture should take necessary steps to provide minimum of Rs. 2 lacs as special central relief package to each and every tribal and non-tribal farmer in Bodoland territory in order to help purchase one pair of bullocks and one boring tube well for cultivation.*

***श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव):** महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे कृषि मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर अपने विचार रखने का मौका दिया।

महोदया, सभ्यता के आरंभ से ही कृषि मानव की तीन जीवनदायनी आधारभूत आवश्यकताओं में से एक - भोजन की आपूर्ति के लिए अपरिहार्य बना हुआ है, लेकिन मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे देश में कृषि का भविष्य खतरे में दिखाई दे रहा है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जहां 70 प्रतिशत आबादी खेती के सहारे जीवन गुजारा करती है, वहां सरकारी उदासीनता के कारण

आज सार्वजनिक क्षेत्र की महत्वपूर्ण व्यवस्था कृषि और अन्य असंगठित रोजगारों के कामगारों की बदहाली किसी से छुपी नहीं है।

महोदया, धरती का सीना चीर कर देश को अन्न देने वाले किसानों को सरकार के इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन मुश्किल से दो मिनट में ही माननीय मंत्री जी ने किसानों की समस्याओं और उनके हल को समेट दिया है। इन दो मिनटों में माननीय मंत्री जी को जो सबसे बड़ी समस्या दिखी, वह किसानों के लिए कर्ज, वही कर्ज जिसका जिक्र हर बजट में होता आया है और किसानों के लिए सरकार की हमदर्दी इसी कर्ज के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। इस बार भी यही हुआ है। सरकारी कर्ज पर मंत्री जी ने महज कुछ फीसदी की राहत सुझाई, वह भी कुछ शर्तों के साथ। सरकारी कर्ज की बात तो बाद में की गई, पहले मंत्री जी ने कहा कि किसानों को वक्त पर लोन चुकता कर देने पर ब्याज में एक फीसदी राहत दी जाएगी। इस लालीपाप के बाद वित्त मंत्री जी ने किसानों को दूसरा लालीपाप दिया - तीन लाख तक कर्ज पर ब्याज दर घटाकर 7 फीसदी कर दिया। उन्हें याद आया कि मानसून देरी से आया है, बारिश कम हुई है। किसानों पर मौसम की मार पड़ी है, खरीफ की फसल खराब हो गई है। इसलिए माननीय मंत्री जी ने अपने राहत के पिटारे से झुनझुना किसानों को दिया है, जिसके तहत उनकी लोन चुकाने की अवधि को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसा लगता है कि सरकार को किसानों का हित सस्ते लोन में ही नजर आता है। उनकी असल समस्या को ले कर सरकार कभी सजग नहीं हुई और किसान की बात आते ही उन्हें कर्ज का मुद्दा ही दिखाई देने लगता है। यह कभी नहीं सोचा कि कर्ज लेने की नौबत ही क्यों आए? ऐसा क्यों हो

कि कर्ज ले कर किसान परेशान हो और आत्महत्या करने की नौबत आ जाए। हालांकि मंत्री जी ने कर्ज माफी की योजना को छह महीने तक के लिए बढ़ाने का ऐलान किया है और महाराष्ट्र में किसानों को साहूकारों के चंगुल से छुड़ाने का वादा भी किया, लेकिन यह सभी जानते हैं कि किसान सरकारी कर्ज में कम और साहूकारों के कर्ज में ज्यादा फंसा हुआ है। साहूकारों से लिए कर्ज कैसे चुकता हों और बताई गई साहूकारों से छुटकारा दिलाने की बात पर सरकार की योजना क्या है, ये साफ नहीं है।

महोदया, इन सब के साथ ही सरकार किसानों को ज्यादा से ज्यादा कर्ज देना चाहती है। वर्ष 2009-10 के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 30 फीसदी की बढ़ोत्तरी करते हुए तीन लाख पच्चीस हजार करोड़ रुपए कृषि ऋण योजना के लिए रखा गया है, लेकिन सरकार ने किसी ऐसी योजना का जिक्र नहीं किया, जिससे घाटे में चल रहे कृषि सेक्टर को उबारा जा सके। बजट में अनाजों के समर्थन मूल्य को लेकर कोई बात नहीं की गई। जो कीमत सरकार देती है, वह लागत से भी कम होती है।

इस बजट में मंत्री जी ने कृषि विकास दर का लक्ष्य चार फीसदी तक रखा है। असल बात यह है कि कृषि विकास दर नकदी फसलों पर चलती है, न कि अनाज फसलों पर। जबकि देश के किसानों का सबसे बड़ा हिस्सा अनाज फसलों पर निर्भर करता है।

दरअसल कपास, दाल, तम्बाकू जैसे नकदी फसलों के किसान सबसे ज्यादा कर्ज लेते हैं और यह भी देखने में आया है कि इन्हीं इलाकों में किसानों ने सबसे ज्यादा आत्महत्याएं की हैं, जैसे महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक इत्यादि। एक और दिलचस्प बात मैं कहना चाहता हूं। नकदी फसलों में खाद का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है, यानी खाद पर बढ़ाई जाने वाली सब्सीडी का फायदा सबसे ज्यादा इन्हीं किसानों को मिलता है। जाहिर है, सरकार महज आंकड़ेबाजी में व्यस्त है, न कि किसानों की असल समस्याओं को लेकर फिक्रमंद। जरूरत यह है कि कृषि क्षेत्र में घट रही उत्पादन क्षमता को बढ़ाने, लागत में कमी लाने और किसानों को उनके अनाज की सही कीमत देने पर काम किया जाए, लेकिन इन सभी में माननीय मंत्री जी ने किसानों को निराश किया है।

SHRI JOSE K. MANI (KOTTAYAM): Sir, I will be very brief.

With India having the second largest area of agricultural land, more than 2/3rd of our population is depending on agriculture. However, our productivity of agriculture is much lower than the world's productivity. The burning need of the hour is to increase our agricultural productivity. This can be done only through adopting new technology into this industry. We have to modernize the agricultural sector.

Sir, as you know, now the farmers cultivate their crops in a conventional way. Maybe we need to bring in information technology, bio-technology, and precision in agriculture whereby right quantity of water and fertilizers is given to the plant. Actually we need to modernize this industry. We know that our farmers are poor, and they cannot adopt this new technology. So, what the State Governments and the Central Government should do is to give financial assistance to the farmers and at the same time they should educate them.

If you take Israel, we know that their weather condition is bad, they have no water, and they have desert but still they adopted information technology and bio-technology to a great extent and they have produced much result in the agricultural sector. I am not going into the details of it due to lack of time but I would like to point out some of the problems faced by the farmers in Kerala.

As some of my colleagues have mentioned, one of the most important problem is the problem faced by the cultivators of coconut in Kerala. They are facing a big hardship and also miseries because of fall in coconut price. Earlier the price of coconut was Rs. 6 per piece, and it has now come down to Rs. 2 per piece. Actually, the total production of coconut in Kerala is about 600 crores. Because of the fall in the price of coconut, there was a great revenue loss both for the State and also for the agricultural community. The major reason was the indiscriminate import of edible oil, especially palm oil, and also their distribution at the subsidized level. I am not saying that you should totally prohibit the import of palm oil but the import of palm oil should be restricted so that it does not affect the consumption of coconut oil in the country.

I would like to mention about the other big problem. As we all know, the last UPA Government had waived off the debts of the farmers to the tune of approximately Rs. 72,000 crore. But in Kerala, the small farmers are facing a big problem. The State Government had declared Kairali and other schemes by which the farmers were asked to pay their interest overdue before the end of the financial year. The main aim of the Government was to clear the books and show that there was no Non-Performing Assets. Also the farmers borrowed money from outside and paid back the interest. Actually they were not having money but they borrowed money from outside to pay back the interest. What happened was that this benefit of the debt relief scheme announced by the then UPA Government was not given to these small farmers because there were no arrears on paper. So, I would like to suggest to the hon. Minister that even these small farmers may be included in the list.

I am on my last point. I am a newcomer to this House. I think, you should give me more time. We are facing a lot of problems in Kerala

MR. CHAIRMAN : There is a paucity of time. Five more speakers are still there, and we have to accommodate them also.

SHRI JOSE K. MANI : One of the major problems being faced by the agriculturists especially in Kerala and generally all over India is that the prices of agricultural commodities are fluctuating. My opinion is that there should be a scientific mechanism by the Centre to procure these products so that agriculturist, the cultivators get remunerative prices for their products.

I conclude by saying that we cannot say tomorrow to the farmers, which is the very essence of India; his need is today, his hands are outstretched today; and, therefore, let us together attend to him today.

*__श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली)__:हमारा यह भारत देश कृषि प्रधान देश है और हमारे भारत की 70 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर करती है। इस व्यवसाय से शत-प्रतिशत जनता की रोजी रोटी चलती है।

महोदय, मैं आपको यह बताना चाहूंगा कि जब एनडीए की सरकार थी और हब हमारे अटल जी देश के प्रधान मंत्री थे तो हमारे देश से हजारों टन में अनाज का निर्यात होता था और उस समय यूपीए सरकार विपक्ष में थी और उस समय यूपीए सरकार ने मीडिया के समक्ष संसद भवन में यह शोर मचाया था कि एनडीए सरकार के पास अभी कोई भंडार खाली नहीं रहा है और हमारे देश का बहुमूल्य अनाज सड़ रहा है। इस तरह से यूपीए सरकार ने जनता को भड़काया था तो मैं सभापति महोदय जी यूपीए सरकार के कार्यकाल में कृषि का विकास निराशाजनक हे और इससे मंहगाई पर असर काफी बढ़ा है और हमारे देश में किसानों की आत्महत्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इसलिए मैं यह सभापति महोदय जी से कहना चाहूंगा कि कृषि हमारे भारत की रीढ़ की हड्डी है। भारत की शान है। इसकी शान को बनाए रखने के लिए हमारे भारत के किसानों की समस्याओं को दूर करना बहुत आवश्यक है। जैसे उसके लिए सस्ते ऋण उपलब्ध कराना, कृषि प्रशिक्षण देना और उत्तम किस्म का बीज उपलबध कराना इत्यादि बहुत ही जरूरी है। सरकार को इसके लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

मैं एक बात और बताना चाहूंगा कि हमारे देश में 40 प्रतिशत भूमि बंजर के रूप में बेकार पड़ी हुई है जिस पर किसी भी प्रकार की खेती नहीं की जा सकती है। इस प्रकार से अभी तक किसान अपने 100 प्रतिशत भूमि में से 60 प्रतिशत भूमि प्रयोग कर पाता है। इसके लिए सरकार को बहुत जल्द ही आवश्यक कदम उठाना चाहिए और किसानों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं उत्पादन के साधन जैसे - सस्ती बिजली, सस्ती खाद, फसल बीमा, भूमि चकबंदी आदि की व्यवस्था होनी चाहिए थी।

अभी हमारे देश के किसान भाई पांच साल में इतना निश्चल हो गया है। किसान नही तो निश्चल हुआ है लेकिन अब हमारे किसान मायूस हो चुके हैं। आज उसे जगाना होगा। यही हमारा कर्तव्य आज होगा। उसे विश्वास दिलाना होगा,उसमें ऊर्जा डालनी होगी। मेरा कहना है माननीय सभापति महोदय जी से कि बल्ब में बिजली का वोल्ट कम पड़ता है तो बल्ब अपनी रोशनी देता है, लेकिन कम देता है वही बल्ब जब पूरा वोल्ट आने से उजाला कर देता है। इस तरह हमारे किसान भाइयों को वोल्ट कम पड़ रहा है।

इस बार माननीय मंत्री जी ने जो बजट बनाया है उसमें एग्रीकल्चर डेवलपमेंट के लिए बहुत छोटा दिल रखा है। माननीय मंत्री जी को किसानों के दर्द के बारे में क्या पता, जो कभी खेत में गए नहीं। हम कहते तो हैं कृषि और कुर्सियों का हमारा देश है। कृषि प्रधान हमारा देश है। माननीय सभापति जी मुझे तो

*Speech was laid on the Table.

लग रहा है, आगे से कृषि निकल गया और केवल प्रधान रह गए और हम जानते हैं हमारे देश का अर्थ तंत्र कृषि पर आधारित है। अगर हम माननीय सभापति जी उसकी कमर ही तोड़ डालेंगे तो हम कैसे खड़े रह पायेंगे। तो मेरा आपसे अनुरोध है कि किसानों के हित में जल्द से जल्द कोई कदम उठाया जाये।

मैं जानता हूं कि हमारे देश का फसल अपने देश की आबादी में जुड़ा रहेगा, किसानों को बिजली सस्ती देनी चाहिए और बीज उत्तम किसम् का सल्टीफाइड बीज होना चाहिए और किसानों को अपनी फसल की सुरक्ष के लिए सरकार की तरफ से आवश्यक फंड की मदद मिलनी चाहिए। लेकिन यह सुविधाएं पूर्ण रूप् से किसान भाई को नहीं मिल पा रही है और इसे बजट में माननीय मंत्री जी से मैं कहना चाहूंगा कि इसका प्रबंध बजट में किया जाये तो आपकी बहुत मेहरबानी होगी। हमारे देश का किसान आपको आशीर्वाद देगा और वे रात में हमारे किसान भाई चैन की नींद ले सकेंगे।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Mr. Chairman, Sir, I rise here to speak on the Demands for Grants related to the Ministry of Agriculture.

I would like to congratulate the visionary leaders like Soniaji, the hon. Prime Minister and the young dynamic Rahulji to initiated for the Central Budget.

Mr. Chairman, the total allocation for the agricultural sector is more than Rs. 3,25,000 crores, which is a remarkable contribution at this juncture during the time of recession, which has affected the whole world. I would like to point out that the agriculture is the backbone of our country. Each and every time, the Central Government as well as the State Governments are allotting a huge amount of budgetary allocation for the betterment of the farmers. But unfortunately, the total amount, which is intended to reach the lower level farmers, is not reaching to them. It is a major issue, that farmers are facing. Therefore, I would request that the Central Government to interfere in this matter and take all necessary steps to see that there is full accountability so that this amount reaches to the hands of the real farmers.

Sir, in this Budget speech, the target for agricultural credit flow for the year 2009-10 is being set as Rs. 3,25,000. This allocation is commendable. Being a son of a farmer and coming from predominantly rural area. Mr. Chairman,Sir, we are facing a lot of hardships in the agricultural field. Each and every time, whatever calamity happens in the entire earth it is faced by our farmers. Recently, the natural calamity has badly affected our State. I am thankful to the Central Government and the hon. Home Minister for sending Mr. Mullappally Ramachandran, the Minister of State for Home to our State immediately with other National Calamity team to assess the situation. We the people of Kerala would like to congratulate the Government for this action though much more problems remain there.

Sir, I would like to point some more points. The farmers need a Price Stabilization Fund with more insurance coverage.

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, please be brief.

SHRI P.T. THOMAS :Sir, being a newcomer, I hope, you would be kind enough upon me.

MR. CHAIRMAN: It is not a question of being a newcomer. Time at our disposal is very limited. So, within a minute, please conclude.

SHRI P.T. THOMAS : Mr. Chairman, the life of the farmer still remains as a gamble due to price fluctuation. We have to sort this out. The need of the hour is, to support our farmers. we should help our farmers more. We are only remembering the farmers at the time of scarcity in food, like we are remembering our soldiers at the time of war. Mr. Chairman, many small and marginal farmers fall from trees and palms such as coconut palms while they are harvesting. The relief amount to those victims to be raised considerably.

MR. CHAIRMAN : This is your last point.

SHRI P.T. THOMAS : Sir, I am going to conclude.

There are some insurance schemes for them but much more is needed. I am going to conclude with two or three points only.

MR. CHAIRMAN: No, you can make only one point. You place the rest here. Otherwise, nothing will go on record. Please conclude.

SHRI P.T. THOMAS : I am coming from a hilly and backward area like Idukki. The farmers badly need title deeds. Recently, the Supreme Court gave the sanction. I am requesting the hon. Government's intervention to take speedy action for giving title deeds to the farmers of Idukki.

Yet another thing is that my colleagues were requesting to withdraw the import duty on coconut oil. I am also rallying behind them.

MR. CHAIRMAN: This is your last point.

SHRI P.T. THOMAS : I have one more point. Not only that, I am also requesting the hon. Agriculture Minister to observe a National Day for farmers to remember and honour the agriculturists and farmers.

MR. CHAIRMAN: Good.

SHRI P.T. THOMAS : With these words, I am concluding. I thank you for allowing and giving me the time.

श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज): महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए पांच मिनट का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद करना चाहता हूं। एक कहावत बहुत पुरानी है - उत्तम खेती मध्यम बाण, निषिद्ध चाकरी भीख निदान। हमारे देश के अंदर किसान को समाज में और पूरे देश में सबसे उत्तम दर्जा प्राप्त था, व्यापार दूसरे, नौकरी तीसरे स्थान और भीख मांगना सबसे अंतिम स्थान पर था। हमारे स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने नारा दिया था - जय जवान, जय किसान। लेकिन आज इस देश के अंदर सबसे अपमानित जीवन किसान जी रहा है। उसका कारण यह है कि जो नीतियां बनायी जाती हैं, वह बड़े किसानों को सामने रखकर बनायी जाती हैं। आज देश का 80 प्रतिशत किसान ऐसा है, जिसके पास एक एकड़ अथवा सवा हेक्टेयर तक जमीन है। 15 प्रतिशत ऐसा किसान है, जिसके पास पांच एकड़ अथवा दस हेक्टेयर जमीन है। पांच प्रतिशत ऐसा किसान है, जिसके पास इससे ऊपर की जमीन है। हम जो भी खेती का उपकरण बनाते हैं, वह बड़े किसानों को और फार्म को ध्यान में रखकर बनाते हैं। यदि टाटा नैनो बना सकता है तो क्या छोटा ट्रैक्टर किसान के लिए नहीं बन सकता है? एक एकड़ सिंचाई के लिए क्या पम्पिंग सैट नहीं बन सकता है? लेकिन हमारा ध्यान जहां होना चाहिए, वहां नहीं है। मैं लम्बी बात न करते हुए माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि छोटे किसानों को नजर में रखते हुए सस्ते उपकरणों को बनाया जाए तो हम समझते हैं कि देश और किसानों का ज्यादा भला होगा।

महोदय, मंत्री जी का एक बयान 9 जुलाई को आया था कि देश में अच्छी बरसात होगी, इसके बाद 11 जुलाई को बयान आया कि अब बरसात नहीं होगी। अभी हमारे पूर्व मंत्री जी ने कविता सुनाई - सावन मास चले पुरवाई, बैला बेच ब्याधा लायी। सावन के महीने में पूर्वा हवा चलती है तो किसानों को अपना बैल बेचकर के गाय खरीद लेनी चाहिए क्योंकि बैलों का कोई काम नहीं रह जाएगा, गाय का रहेगा।

माननीय मंत्री जी ने जो बयान दिया है, वह उनका बयान नहीं है, हमारा जो मौसम विभाग और वैज्ञानिक हैं, उनका बयान है। हजारों-करोड़ों रुपया खर्च करने के बाद भी हम देश को गारंरटी नहीं दे सकते हैं कि कब बरसात एवं बाढ़ आएगी, इस बात की गारंटी नहीं है।

सभापति महोदय, उर्वरक, कीटनाशक दवाईयां डालते-डालते हमारी जमीन हमें धोखा देने वाली है। इसके लिए जरूरी है कि जैविक खाद पैदा की जाए और जैविक खाद के लिए जरूरी है कि गाय, गोरू और भैंस पर ध्यान दिया जाए। आज बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हमारे साथ खेल खेल रही हैं। ढाई सौ से लेकर साढ़े तीन सौ रुपए किलो तक धान का बीज बिक रहा है। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि छोटे किसान और देसी बीज एवं देसी खाद पर बढ़ावा देने का कदम उठाएं।

सभापति महोदय, आज यहां सूखे पर चर्चा हो रही है और इसके लिए पूरा देश चिन्तित है, लेकिन जिस समय जनता पार्टी की सरकार थी, उस समय एक योजना बनी थी। हम जानते हैं कि हमारा देश नदी और नालों का देश है। यहां तमाम नालें हैं। उस समय नालों का नहरीकरण करने की योजना बनी थी, लेकिन सरकार गिरते ही वह योजना ठप हो गई। आज नालों को नहरों में बदला जाए, इसके लिए कोई योजना नहीं है। उस योजना का हम लाभ उठा सकते हैं। जिस समय बीजेपी, एनडीए की गवर्नमेंट थी, उस समय नदियों को जोड़ने की योजना बनी थी...(व्यवधान) आज हमारा कितना पानी नदियों से समुद्र में जा रहा है। योजना को हमें ठंडे बस्ते में नहीं डालना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, चूंकि समय कम है इसलिए मैं अपना बाकी का भाषण टेबल पर ले करता हूं।

*भारत में छोटे किसानों की संख्या अधिक है परन्तु देश में जो तकलीफ प्रसारित की गयी है वह बड़े किसानों के अधिक अनुकूल है। देश में 80 प्रतिशत ऐसे किसान हैं जिनकी जोत की अधिकतम सीमा सवा हेक्टेयर से भी कम है। 15 फीसदी किसानों की जोत सीमा 5 हेक्टेयर तक है और केवल 5 फीसदी ही ऐसे बड़े किसान हैं जिनके पास 10 हेक्टेयर से अधिक भूमि हैं। छोटे किसानों को जब महंगी तकनीकों पर निवेश करना पड़ता है तो एक बार की क्षति से ही उनके कर्ज में डूबने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए कृषि क्षेत्र में व्यापक अनुसंधान की आवश्यकता है। देश

में ऐसे उपकरण विकसित करने होंगे जो छोटी जोत के लिए उपयोगी हों तथा आर्थिक रूप से उनकी पहुंच छोटे किसानों तक हों। भारत की प्राकृतिक स्थिति, मिट्टी की उर्वरता, सिंचन क्षमता और किसानों की आर्थिक दशा को देखते हुए देशी बीजों के अनुसंधान पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। ऐसे बीज विकसित किये जायें जो कम उर्वरक और कम सिंचाइ पर भी, संतोषजनक उत्पादन दे सकें। हमारे देश में जल प्लावित क्षेत्र हैं, तो सूखे वाले क्षेत्र भी हैं। इसलिए ऐसे बीजों का विकास हो जो इन क्षेत्रों के लिए उपयोगी साबित हो सकें। हमें जैविक और परम्परागत खेती पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

हमारे यहां भूमि सुधार पर कम ध्यान दिया जा रहा है। लगभग 4 करोड़ हेक्टेयर भूमि बेकार पड़ी है जो परती, बंजर, उबड़-खाबड़ अथवा जल प्लावित है। इसे सुधार कर कृषि योग्य बनाया जा सकता है। शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या के कारण कृषि योग्य भूमि और जोत की सीमा कम होती जा रही है। ऐसी स्थिति में भूमि सुधार कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को बढ़ाने के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं रह गया है। इससे उत्पादन बढ़ने के साथ ही ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार भी मिलेगा। मैं माननीय कृषि मंत्री का ध्यान उनहीं की सरकार द्वारा प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन की अध्यक्ष में गठित की गयी किसान आयोग की संस्तुतियों की ओर दिलाना चाहता हूँ जिसमें कहा गया है कि किसी भी कीमत पर विशेष आर्थिक जोन स्थापित करने के बहाने किसानों की जमीन नहीं ली जाये। औद्योगिक प्रतिष्ठान केवल अनुपजाऊ भूमि पर ही स्थापित किया जाए। आयोग ने यह भी कहा है कि जोत की सीमा निर्धारित करके अतिरिक्त भूमि खेतिहर मजदूरों में बांट दी जाए जो एक एकड़ से कम न हो । आयोग की संस्तुति यह भी है कि उर्वरक और सिचांई पर राज सहायता बढ़ाई जाए और वित्तीय संस्थाओं से किसानों को मिलने वाले कर्ज पर ब्याज दर 4 प्रतिशित से अधिक न हो। लेकिन अफसोस की बात है कि सरकार ने इन महत्वपूर्ण सुझावों पर कोई ध्यान नहीं दिया है।

कृषि क्षेत्र की उपेक्षा का ही परिणाम है कि चावल, गेहूं, दालों और तिलहनी फसलों की उपज में कमी तो हुई ही है, नकदी फसलों की पैदावार में भी भरी कमी आयी है। गन्ना और कपास जैसी लम्बी अवधि की नकदी फसलों की पैदावार में पिछले 10-12 वर्षों में आई गिरावट औद्योगिक क्षेत्र के लिए भी चिंता का कारण बना हुआ है। अंत में मैं इतना ही कहना चाहूँगा कि सबके पेट की ज्वाला शांत करने वाला किसान आज खुद भूखा और बेबश है। खेती को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। हमें इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि भारत तब तक समृद्ध और खुशहाल नहीं हो सकता जब तक खेतों में हरियाली और किसानों के चेहरे पर मुस्कान नहीं आ जाता।

इन शब्दों के साथ मैं अनुदान मांगों का समर्थन करता हूँ,।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली सबसे भ्रष्ट सरकारी योजनाओं में बदल चुकी है। सरकार द्वारा कराए गए सर्वेक्षणों एवं अध्ययनों से पहले ही यह तथ्य उजागार हो चुका है। भ्रष्टाचार के कारण निर्धन वर्ग के अधिकांश लोग इस योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं। यह आरोप केवल किसी व्यक्ति या विपक्ष तक ही सीमित नहीं है।

हमारे वर्तमान गृह मंत्री जी जिनके पास वर्षों तक वित्त मंत्रालय का प्रभार रहा है, उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया था कि "राशन का 58 फीसदी हिस्स लुटेरे डकार जाते हैं और ग्रामीण विकास की योजनाओं में लोगों तक एक रूपया पहुंचाने में चार रूपये खर्च हो जाते हैं । "

1. जिला पूर्ति कार्यालय भ्रष्टाचार के अड्डे बने हुए हैं।
2. राशन के कोटेदार पूर्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बंधी रकम देते हैं और उसके बदले राश का अधिकांश हिस्सा कालाबाजार में बेच देते हैं।
3. पूर्ति विभाग और कोटेदारों की करामात का ही नतीजा है कि उ.प्र. और बिहार सार्वजनिक वितरण का राशन गरीबों को भले ही न मिले लेकिन वह नेपाल के रास्ते चीन तक पहुंच जाता है।
4. एक तरफ गरीबों की झोंपडी में अंधेरा है और दूसरी ओर किरासन तेल खुलेआम काला बाजार में बेच दिया जाता है।
5. अधिकांश अपात्र लोगों ने पद और पैसे के बल पर बी.पी.एल. कार्ड बनवा लिया जबकि अतिनिर्धन पात्र इससे वंचित है।
6. ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से हर माह राशन का वितरण नहीं किया जाता।
7. भ्रष्टाचार के चलते सार्वजनिक वितरण में प्रधानों की भूमि का नगण्य कर दी गई है और मनमाने ढंग से वितरण की व्यवस्था की जाती है।
8. अधिकांश कोटेदारों ने वास्तविक जनसंख्या से अधिक राशन कार्ड बनवा लिया है जिस पर अतिरिक्त राशन का उठान करके खुले बाजार में बेच देते हैं
9. पूर्ति विभाग की मिलीभगत के चलते कोटेदारों के विरूद्ध की गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

सुझावः- 1. सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए निगरानी तंत्र की व्यवस्था की जाए।

2. राशन कार्डों पर वितरण की तिथि एवं मात्रा का अंकित किया जाना अनिवार्य किया जाए तथा इसको उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध दंड का प्रावधान किया जाए।

3. बी.पी.एल. कार्डों की नये सिरे से निष्पक्ष जांच कराकर फर्जी कार्डों को निरस्त किया जाए तथा वंचित रह गए पात्र व्यक्तियों का बी.पी.एल. कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाए।

4. जनवितरण प्रणाली में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें निगरानी का अधिकार दिया जाए।

5. भ्रष्टाचार को समाप्त कराने के लिए कारगर उपाय किए जाएं।

- रबी व खरीफ बुआई के समय डी.ए.पी., यूरिया खाद की किल्लत रहती है तथा बुआई के समय डी.ए.पी. न मिल पाने के कारण उत्पादन प्रभावित होता है।
- बुआई के समय किसानों को लम्बी-लम्बी लाईन घण्टों लगानी पड़ती है और खाद के लिए उत्तर प्रदेश में किसानों को लाठी से पीटा जाता है।
- खाद की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध न होने के कारण किसान नकल/मिलावट खाद खरीदने हेतु मजबूर हो जाते हैं। इससे नकली खाद बनाने व बेचने वालों को करोड़ों का फायदा हो रहा है।
- सरकार द्वारा डी.ए.पी. का मूल्य 472 रूपया निर्धारित है जबकि किसानों को यह खाद उत्तर प्रदेश में 650 से 700 रूपया देने पर मुश्किल से मिल पाती है।
- नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के जनपदों में खाद (डी.ए.पी.) की तस्करी फलफूल रही है तथा लाखों टन खाद की तस्करी नेपाल को की जाती है।
- धान व गेहूँ क्रय केन्द्र महज दिखावा साबित हो रहे हैं जिसका लाभ किसानों को ने मिलकर व्यापारियों को मिल रहा है। गेहूं के सरकारी रेट 1080 प्रति कुन्तल के बजाय किसानों का गेहूं 1000 रूपये में खरीदा गया।
- कर्ज माफी योजना में किसानों से 10औ रिश्वत संबंधित बैंक मांगते हैं।
- के.सी.सी., लोन स्वीकृत करने में भी बैंक 10औ रिश्वत की मांग करते हैं। *

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA):Respected Chairman, Sir, first of all I am wholeheartedly supporting the Demands for Grants moved by our hon. Minister of Agriculture. By introducing debt relief for farmers the UPA Government has already proved their farmer-friendly attitude in the country. I extend my sincere gratitude to the hon. Chairperson of the UPA Shrimati Sonia Gandhi and also hon. Prime Minister Dr. Manmohan Singh for taking such a brave step for protecting the farmers whose lives are going through a terrible condition now.

It happens due to many crises happening in the farming sector such as lesser prices for agricultural products, increased

wages, lack of sufficient labour, procurement and warehousing problems, unscientific farming system and the natural calamities.

I am coming from the constituency of Alleppey. Kuttanad is the rice bowl of Kerala which is falling in my constituency. Hon. Minister and the UPA Government appointed Dr. M.S. Swaminathan to study the conditions of the farmers in that area. Dr. Swaminathan gave the report. On the basis of that report, our Government sanctioned a package of Rs. 1,850 crore for Kuttanad. I am sorry to say that the package is announced by the Central Government; but so far not a single work has been started for the welfare of the farmers.

The answer given by the hon. Minister of Agriculture, to an Unstarred Question put by me, reveals that the State Government has not given the detailed project report in such a manner and also the Central Government has asked the State Government to correct the detailed project report. This is a very sad state of affairs as far as the farmers are concerned. Therefore, I urge upon the Government to evolve a speedy mechanism for implementing the Kuttanad Project as early as possible.

There is one more point which I want to include here. Upper Kuttanad area is very much part and parcel of that Kuttanad area. But this area is excluded from this project. I am urging the Government to include Upper Kuttanad also in this Kuttanad package. Coming to the fisheries sector, I come from a coastal constituency. We are all aware of the problems faced by our poor fishermen. In this regard, hon. Members who have spoken before me have already brought it to the notice of this august House. The Debit Relief Scheme does not include fishermen because loans taken from the fishermen's co-operative societies are excluded from the purview of this Scheme. Therefore, I would urge upon the Government to include the loans taken by fishermen from the Fishermen's Co-operative Societies also within the purview of this Debt Waiver Scheme.

I would also like to highlight the aspect of kerosene being used for fishing purposes. Our fishermen are using kerosene and purchasing it from the black market at a rate varying between Rs. 25 and Rs. 32 per litre. Therefore, I demand that necessary action may be taken to provide kerosene to them for fishing needs at a subsidised rate and also make it convenient for them to get subsidised kerosene through PDS. This is my demand.

There is a very serious problem that Keralites are facing because their APL rice quota has been reduced. The Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution has cut their quota from 96,364 metric tonnes per month and allowed a temporary quota of 19,000 metric tonnes per month. In fact, the actual loss to the State of Kerala is of 77,364 metric tonnes. I know that allocations under APL category are made depended upon the past off-take and availability of food grains in the Central stock, but the Keralites are suffering from this situation. Therefore, I am urging upon the Government to restore the APL quota for Kerala.

श्री गोरखनाथ (भदोही) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। भारतवर्ष कृषि प्रधान देश है। यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खेती है। गांवों में किसान बसता है और भारत गांवों का देश है। गांवों में जो किसान है, वह 60 प्रतिशत मानसून पर निर्भर है। सदन में अनेक बातों पर चर्चा हुई कि मानसून रूठ गया है, किसान परेशान है और यह फसल तथा भविष्य में आने वाली फसल जुए के रूप में देखी जा रही है। वैसे भी भारतीय खेती को मानसून का जुआ कहा जाता है, लेकिन जो यह वर्ष है, वह और भी विकट और समस्याग्रस्त है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि एक तरफ तो खेती और किसान के लिए जो व्यवस्था है, वह अस्तव्यस्त है और दूसरी तरफ भंडारण की विकट समस्या है। जब किसान ऋण लेकर और अपनी पूंजी लगाकर फसल पैदा करता है, तो वह किसी प्रकार से अपनी उपज को लेकर कृषि केन्द्र तक पहुंच पाता है। तब वहां दूसरी समस्या भंडारण की खड़ी होती है। चूंकि भंडारण की व्यवस्था गांवों में नहीं है, इसलिए कृषि केन्द्रों पर भी किसान की फसल को नहीं खरीदा जाता है।

महोदय, जिस क्षेत्र से मैं चुनकर आता हूं, वह भदोही जनपद है। वह काशी और प्रयाग का मध्य है। वह गांव और किसानों का एरिया है। मैं भी किसान का बेटा हूं। मैं किसानों की समस्याओं से भलीभांति अवगत हूं। गांव में जब खेती का समय आता है, तो किसान को उन्नत बीज नहीं मिलते। एक तरफ मानसून की समस्या, सिंचाई की समस्या और दूसरी तरफ बीज भी नहीं मिलता। वह अपने ही घर में रखे हुए बीज को बोने के लिए मजबूर हो जाता है, जिससे उसे उपज भी कम मिलती है। जब वह खाद के लिए जाता है, तो जो कृषि सेवा केन्द्र हैं, जो सोसायटीज हैं, वहां खाद उपलब्ध नहीं होती है। मैं कृषि मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि भारत के गांवों में बने कृषि सेवा केन्द्रों और सहकारी समितियों पर खाद की उपलब्धता कराएं, ताकि समय से किसान को सोसाइटी से खाद और बीज मिल जाएं।

महोदय, किसान की उपज के भंडारण की मुख्य समस्या है। किसान किसी तरह से ऋण लेकर अपने खेतों में उपज पैदा करता है, लेकिन जब वह अपनी उपज को मंडी में ले जाता है, तो उसकी उपज की वाजिब कीमत पर खरीद नहीं हो पाती, जिसके कारण वह अपनी फसल को बिचौलियों को बेचने के लिए मजबूर होता है। जो मानक रखे गए हैं, उनसे कम दाम पर वह अपनी उपज को बेचता

है। फिर चाहे वह सब्जी, अनाज, दलहन या तिलहन हो। भंडारण की समस्या होने के कारण बहुत सारा अनाज सड़ जाता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पिछले दिनों हमें अखबारों से जानकारी मिली कि देश की सरकार को करोड़ों रुपए सड़े हुए अनाज को दफनाने, गाड़ने और समाप्त करने हेतु ढुलाई में खर्च करने पड़े। एक तरफ तो किसान अपनी उपज को पैदा करने में परेशान है और दूसरी तरफ किसान अपनी उपज को सस्ते में बेचने के लिए मजबूर है।

वहीं दूसरी तरफ जो दूसरी समस्या है, वह भंडारण की भी है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि गांवों में समय से बीज उपलब्ध हो, खाद उपलब्ध हो, सिंचाई की व्यवस्था हो, बिजली की व्यवस्था हो और साथ ही साथ उसकी उपज को बेचने के लिए भी व्यवस्था की जाये, चाहे वह दूध हो, चाहे फल हो, चाहे सब्जी हो, चाहे अनाज हो, उसका उचित मूल्य उसे मिल पाये। आज जो उसका वास्तविक लाभ किसान को मिलना चाहिए, उसे नहीं मिल रहा है, बिचौलियों को मिल रहा है, मैं इस तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। इसके लिए गांवों में गरीबों की समस्याओं की तरफ आपका ध्यान जाना आवश्यक है।

डॉ. चरण दास महन्त (कोरबा): आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करते हुए माननीय कृषि मंत्री जी ने जो अनुदान मांगें प्रस्तुत की हैं, उनका समर्थन करता हूं।

आदरणीय मंत्री जी किसानों के बहुत बड़े शुभचिन्तक हैं, हम सब इस बात को जानते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री जी ने इन पर भरोसा किया है। जिन साथियों ने किसानों के हित में बात रखी है, उसका समर्थन करते हुए एक किसान पुत्र होने के नाते और छोटा किसान होने के नाते मैं अपनी बात बिन्दुवार कहूंगा और बहुत संक्षेप में कहूंगा। सब ने कृषि को एक जुआ बताया है, खतरों से भरपूर बताया है। इसका मुख्य कारण यह है कि किसानों के लिए कोई बीमे का प्रावधान नहीं है। अभी जो बीमे का प्रावधान है, उससे मात्र सात प्रतिशत कृषक ही लाभ उठा पाते हैं, इसलिए मैं कृषि मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि फसल बीमे के सिस्टम में, इंश्योरेंस सिस्टम में कोई नई बात सोचें और कुछ करें।

माननीय वित्त मंत्री जी को हम धन्यवाद देना चाहते हैं कि उन्होंने कृषि कार्यों के लिए किसानों को 6 प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने की बात कही है। मैं यह कहना चाहता हूं कि नेशनल कमीशन ऑफ फार्मर्स ने किसानों के लिए चार प्रतिशत पर ऋण देने की बात कही है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस सत्र में न सही, लेकिन अगले सत्र में किसानों को चार प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिलायें। उनसे यह व्यवस्था करने के लिए मैं निवेदन करूंगा। मैं सभी साथियों से और सदन से प्रार्थना करना चाहता हूं कि हम लोगों को चीन का सपना देखना चाहिए। मैंने ऐसा सुना है कि चीन में किसानों को शून्य प्रतिशत पर ऋण दिया जाता है। यह हमारी भी चिन्ता होनी चाहिए और पूरे सदन की इस चिन्ता को, इस सपने को साकार करने की दिशा में काम होना चाहिए, ऐसा मेरा निवेदन है। दूसरे, किसानों को जो शॉर्ट टर्म लोन देते हैं, उसे एक साल, डेढ़ साल या दो साल में पटाने की बात हो रही है। मेरा निवेदन है कि उसे कम से कम चार साल में पटाने की व्यवस्था करें, ऐसी वे किसानों को सुविधा दें।

देश में 70 परसेंट युवा होने के बाद भी आज युवाओं का कृषि कार्यों से कोई मतलब नहीं है, इसलिए नौजवानों को कृषि की ओर आकृष्ट करने के लिए कोई नया कार्यक्रम बनायें, यह मेरा निवेदन है। पिछली बार आपने 76 हजार करोड़ रुपये की जो फर्टिलाइजर में सब्सिडी दी है, वह किसानों को नहीं मिली है। वह खाद निर्माताओं और खाद के बड़े-बड़े सेठों को मिली है। इसके लिए आप कोई ऐसी व्यवस्था करें, ताकि सब्सिडी का लाभ सीधे किसानों को मिले, चाहे फिर उसको आप सौ किलो उर्वरक दें, 50 किलो उर्वरक दें या कुछ भी दें, लेकिन किसानों को दें। अभी तक जो भी सब्सिडी का लाभ मिला है, उसमें हमारे यहां के व्यापारियों ने उसको बर्मा भेज दिया, उसको नेपाल भेज दिया, उसको श्रीलंका भेज दिया और गांव के किसानों को उसका लाभ नहीं मिला।

सोनिया जी भी कहती हैं, हम सब भी कहते हैं कि किसान हमारा अन्नदाता है, किसान जो कुछ भी उगाता है, देश के लिए उगाता है। किसान देश के लिए अपना खून-पसीना बहाता है, लेकिन मैं एक बात बताकर आपका ध्यान चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ में क्या हो रहा है। छत्तीसगढ़ में 10 लाख टन किसानों के नाम पर धान की फर्जी खरीदी हो गई। कृषि मंत्री जी अगर देखना चाहें तो यह रिकार्ड मेरे पास है। जिनके पास न एक बिस्वा खेत है, उनसे कितनी होशियारी से लाखों रुपये का धान खरीद लिया गया। मैं 1-2 किसानों का नाम बता रहा हूं, आप सुन लीजिए। एक गोटी नाम का किसान है...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप इसे सदन के पटल पर रख दीजिए।

डॉ. चरण दास महन्त : इसे सरकार ने खरीदा है। आप इसे देख तो लीजिए। आप सुन तो लीजिए। किसान का नाम एक है, जबकि बाप के नाम चार या पांच है, जैसे - बोटी, बाप का नाम कहरू, बोटी, बाप का नाम गुटोही, बोटी बाप का नाम बंगलू, बोटी बाप का नाम लच्छू। ...(व्यवधान) क्या मैं और नाम बताऊं? ...(व्यवधान) सम्पत बाप का नाम बोगा, सम्पत बाप का नाम सम्पत, समलू बाप का नाम अमर सिंह...(व्यवधान) सरकार ने खरीदा, सरकार ने खरीदवाया, आपके नाम से खरीदवाया, आपने पैसे दिए खरीदने को। वह पैसे मांगने आते हैं ...(व्यवधान) मैं इसको रखना चाहता हूं, आप मुझे इजाजत दे दें। ...(व्यवधान) आप मुझे इजाजत दे दें, मैं इसे रखता हूं, आप इसकी जांच करा लीजिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Since there is no time, Dr. Mahant, please show it to the hon. Minister later.

डॉ. चरण दास महन्त : किसी केंद्रीय एजेंसी से इसकी जांच कराइए। राज्य सरकार ने भी अगर खरीदा है तो आपके पैसे से खरीदा है। आप उसे खरीदने के लिए पैसा देते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप इसकी केंद्रीय एजेंसी से जांच कराइए। न खेत न किसान और खरीद लिया धान। ...(व्यवधान)

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, it is a serious matter, the Government should inquire into it. It is a very serious allegation.

डॉ. चरण दास महन्त : आप सुन तो लीजिए, कितनी बढ़िया बात है। आठ मोटर साइकिल में नौ सौ क्विंटल धान खरीद लिए गए। आठ मोटर साइकिल से नौ सौ क्विंटल धान की ट्रांसपोर्टिंग हो गयी। मेरे पास इसका पूरा रिकार्ड है। आप इजाजत दें, तो मैं इसे रख देता हूं। ...(व्यवधान)

श्री अधीर चौधरी : यह बहुत गंभीर मामला है। ...(व्यवधान)

डॉ. चरण दास महन्त : यह पूरी कंप्यूटराइज्ड सीट है। यह देख लीजिए। मेरे पास सीडी है। आप कहें, तो इसे रख दूं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please give it to the Minister later. You made your point and you can give those papers to the hon. Minister later.

SHRI KODIKKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture. Several points were mentioned by the previous speakers and, therefore, I will directly raise the issues relating to my constituency.

Sir, I come from Mavelikkara Parliamentary Constituency in Kerala. The famous agricultural area, Kuttanad, falls in my constituency. Kuttanad is predominantly the paddy growing area in Kerala. I would like to take this opportunity to highlight some important aspects and issues relating to agricultural sector in Kuttanad.

Mr. Chairman, Sir, the renowned agricultural scientist. Dr. M.S. Swaminathan, had prepared a package for the Kuttanad farmers. That package received 'in principle' approval from the UPA Government. I would like to thank hon. Sharad Pawarji for taking the initiative and getting the approval from the UPA Government. As an Agriculture Minister, he is making a lot of efforts to implement the Kuttanad package. Thousands of farmers as well as the people of Kuttanad would like to express their thanks to the hon. Minister of Agriculture Sharad Pawarji. I would also like to thank hon. Minister of State for Agriculture, Shri K.V. Thomas, who hails from Kerala, for taking initiatives in this regard.

Sir, the total cost of the package is Rs. 1,840 crore. It was proposed that projects with a limit of up to Rs. 50 lakh could be implemented by the State Government. Kuttanad is in a strategic location and is many metres below the sea level. Due to the geographical location of Kuttanad, farmers cannot cultivate without the assistance of the Government. The main crop in Kuttanad is paddy. The State Government of Kerala has sent a proposal to the Central Government to release necessary funds for the same. However, I am given to understand that the State Government of Kerala is yet to submit a detailed project report on the Kuttanad package and that is delayed.

But the fact is that apart from the long correspondence between the State Government and the Central Government, nothing so far has happened and the money is not released. More than 50,000 farmers are facing a serious crisis in Kuttanad. In fact, Dr. Swaminathan belongs to Kuttanad. He knows the entire area of Kuttanad. He knows the conditions of the Kuttanad farmers. That is why, he has submitted a Kuttanad package. That package is welcomed by all Kuttanad farmers. The Upper Kuttanad is also equally important in Kuttanad package. But the Upper Kuttanad area is excluded from the Kuttanad package. I would request the hon. Agriculture Minister to include Upper Kuttanad area also.

Another important point is about Onattukara area. This is also very important as far as farmers are concerned. Dr. Swaminathan has mentioned about some areas of Onattukara. I would request the hon. Minister to include Onattukara in the Kuttanad package.

Another important point that the farmers are facing is about the shortage of harvesting machines. Every year, the availability of labour has been decreasing. So, there is a need for more harvesting machines. At present, we do not have availability of more

number of harvesting machines. Therefore, I would request that the Central Government should provide harvesting machines for the use of the farmers in Kuttanad.

There is no FCI godown in Kuttanad. We are producing lakhs of tonnes of paddy. But, at present there is no facility for procurement of paddy. There has been a long pending demand from farmers of Kuttanad to set up two or three FCI godowns.

My next point is about the flour mills. Paddy is converted into rice. At present, there is no flour mill in Kuttanad. I would request that the FCI can start two or three flour mills in Kuttanad area.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI KODIKKUNNIL SURESH : I am concluding, Sir.

Regarding the support price of paddy, the Government of India has announced Rs.900 crore. It is a very meagre amount. So, my request to the hon. Minister would be to enhance this amount to at least Rs.1,500 crore as the support price for paddy.

So I lay the rest of my speech on the Table of the House.

*I support the Demands for Grants in respect of the Ministry of Agriculture. Agriculture is an important sector of economy as it contributes to the tune of 18% of our national income and more than half of the population is directly or indirectly engaged in it. I am sure that every body would agree that agriculture sector has inherent risk like failure of monsoon, loss of crops due to natural calamities, increase of prices of certain products in domestic as well as international, the policies of the Government, etc. in fact, till 1994, there was no national policy for the agriculture and in 1994, a national policy for agriculture was put in place. Of course, with the latest technological developments, the policy needs a re-visit at the earliest.

The UPA Government, for the first time in the history, waived all the farm loans of farmers to the tune of nearly Rs. 75,000 crores and has reduced the rate of interest on farm loans. In fact, the target of agricultural credit for the year 2008-09 has been surpassed, which encourage the Government to fix a higher target in the current financial year. The Government has done well by reducing the rate of interest to the farmers who repay the loans in time as a form of incentives. In fact, I am sure that every section of the House would join in my demand that the rate of interest on crop loans should further be reduced to 6%.

The next important aspect of agriculture is crop insurance. Now, we have a crop insurance scheme in place, but it does not cover all sorts of crops and during all seasons. What we require is a comprehensive crop insurance scheme covering all crops by taking village as a basic unit for assessing the damage caused to crops.

I would like to take this opportunity to highlight some important aspects relating to my State, Kerala. That Dr. M.S. Swaminathan, the renowned agriculturist, under the aegis of his foundation, has submitted a proposal containing a package for Kuttanad farmers. In fact, the package was received in principle approval from the UPA Government a year back. I would like to thank Mr. Sharad Pawarji, the Hon'ble Minister for Agriculture for taking the initiative and got approval from the UPA Government. As an Agricultural Minister, he is taking lot of efforts to implement the Kuttanad package. Thousands of farmers as well as other people of Kerala would like to express their thanks to Shri Sharad Pawarji. I would also like to thank the Hon'ble Minister of State for Agriculture, Shri K.V. Thomas, who hails from Kerala, for his initiative in this regard. The total cost of the package is Rs. 1,840 crores and it was proposed that projects casting up to Rs. 50 lakhs have to be implemented by the Government of Kerala. Madam, Kuttanad is a strategic location and it is many meters below the sea level. The geographical location is such that the farmers cannot cultivate without assistance from the Government. The main crop is paddy. Madam, even though the State Government of Kerala has sent the proposals to the Central Government for the release of necessary funds, I am given to understand that the State Government of Kerala has not yet submitted its Detailed Project Report about the Kuttanad package and that is why it is delayed. But the fact is that apart from the long correspondence between the two Governments, nothing has moved and no money has been released and the farmers numbering about 25, 000 in the area are facing lot of difficulties. In fact, Dr. Swaminathan belongs to Kuttanad region and he knows in and out of the area and he has sent a well-conceded proposal which was given approved by the Government of India. It is understood that the proposals do not match the norms prescribed by the Government of India for release of funds. Considering Kuttanad which is a special type of area, I demand that the norms can be relaxed and funds released at the earliest to alleviate the sufferings of the farmers. In fact, the paddy is cultivated once in a year by the Kuttanad farmers. However, once the package is implemented and the outer bund level of the field is strengthened and hightened, the farmers can cultivate paddy twice in a year.

I would like to mention about the genuine demand of the farmers of Upper Kuttanad. There is a strong demand from the farmers from Upper Kuttanad to include them in the Kuttanad package. Thousand of paddy farmers are cultivating paddy in

their fields in Upper Kuttanad. Upper Kuttanad is also equally important. The State Government of Kerala has also sent a proposal for a special scheme for Upper Kuttanad. I request the Union Minister to include Upper Kuttanad in the Kuttanad package so that the paddy frmers in Upper Kuttanad area can also get benefited.

I would like to bring to the notice of the Government of India about the plight of Onattukara paddy farmers. The Onattukara is a paddy cultivation area. Thousands of hectares of paddy fields are there but due to various reasons, the farmers are not able to cultivate any paddy in these fields. I would like to make a point that Onattukara is also included in the Kuttanad package and included in the Dr. swaminathan Comission report stating that the farmers in Onattukara should be given an incentive of Rs. 5,00/- to each farmers to start cultivation. Therefore, I urge upon the Union Government to frame a scheme for paddy cultivation in onattukara also.

Now, I would like to come to the problems of agricultural labourers. If the farmers are getting any loss, the State Government as well as the Central Government jis giving some help to the farmers. But the agricultural labourers of paddy field are always at the receiving end. When the cultivation is not taking place, the agricultural labourers have become unemployed. To reduce the problems of agricultural labourers in this situation, the agricultural labourers should be given the benefit of ESI, PF, Gratuity etc. during this lean period. The Government of India should adopt some mechanism for giving financial help to the agricultural labourers for their livelihood during this intermittent period.

I would like to draw the attention of the House to the other problems faced by the farmers in the region, which includes non-existing storage facilities. Due to lack of godowns, lakhs and lakhs tones of paddy are damaged. Therefore, I urge upon the Government to construct adequate godowns by the FCI at convenient locations in the area.

Another important problem is lack of transport facilities. Due to its geographical location, there is no transport facility available to the farmers to take their commodities to the procurement centre. Therefore, adequate transport facilities should be provided and for this purpose, the State Government can be given adequate financial assistance.

The farmers face lot of problems due to shortage of labour and due to non-availability of sufficient number of harvesting machines, the agricultural operations are affected to a great extent. Therefore, I request the Government either to give the harvesting machines to the farmers free of cost or at the subsidized rates so as to facilitate paddy movement.

The other problem the farmers in Kuttanad are facing is that the non-availability of flour mills in Kuttanad. The flour mills are playing a major role in converting the paddy into rice. Due to non-availability of flour mills in Kuttanad, the farmers have to move of Tamil Nadu, Karnataka and AP and process them at exorbitant rates which increases their cost of production. I request the Union Government to take immediate steps for establishing of three to four flour mills in Kuttanad area so that the paddy can be processed in Kuttanad itself with less cost of production.

The minimum support price for paddy has been announced which is Rs. 900/- per quintal now. But it is not an attractive one to encourage the farmers to supply their commodities to the Government. Therefore, I urge upon the Union Government that the minimum support price for paddy should be enhanced to Rs. 1,500/- per quintal.

The Central Government releases funds to the State Civil Supplies Department for making payments to the farmers for the procurement made. But timely payment is not made to farmers for procurement of paddy. This aspect should be looked into and it should be ensured that there is no delay in payment to the farmers.

In short, I would urge upon the Government to dispense with all correspondence between the Government of Kerala and the Government of India regarding the package of Kuttanad region and release the funds as per Dr. Swaminathan proposals at the earliest.

Keeping in view of the above, I request the Union Government that Kuttanad in Kerala should be made as a Special Agriculture Zone.

I would like to mention that different types of Boards like Rubber Board, Coconut Board, Spices Board, Coffee Board, Tea Board are existing in the country. But, there is not any Government of India Board for paddy. As all are aware, the paddy is one of the most important items in India and there is a need to give lot of support to this item. To protect the interest of the paddy farmers and paddy labours, I urge upon the Government to set up a Paddy Board which will go a long way in helping the paddy farmers.

Cashew is one of the major industries I Kerala. We are earning crores and crores of rupees as foreign exchange from cashew exports. 90% of the cashew processing units are in Kerala only, especially in Kollam District. Around 2 lakh cashew workers are working in Kollam, allappy, Pattanamathitta and Trivandrum. More than 300 cashew factories are running in Kerala. Cashew trees are also in Kannoor and Kasargod Districts. There is a proposal for stting up of Cashew Board under

Agriculture Ministry. Setting up of a cashew Board is a long pending demand from the Kerala State. The Government of Kerala has also requested several times to central Government to set up a Cashew Board in Kollam. So far, the Ministry has not taken any decision. I urge upon the Minister that this Board should be set up on Kollam at the earliest. Then only, the cashew industry can be promoted and farmers and workers' interests can be protected and we can earn more foreign exchange.

A coconut development project has been implemented in Trivandrum, Kollam and Thrishur in Kerala. While Dr. Swaminathan proposed a package for the Kuttanad, it also consist a package for massive coconut revival programme for improving the health and productivity in the area. The programme announced for the three districts of Trivandum, Kollam and Thrishur should be implemented in Kuttanda area also.

Our UPA Government has done a lot for the farmers and for the agricultural sector. Years back, Shri Lal Bahadur Shastri, the former Prime Minister of India, coined a slogan "Jai Jawan − Jai Kissan" and the UPA Government has done a lot for both the sectors.

With the efforts of the UPA Government and sincere cooperation from the State Governments, I am sure that our road map will be re-drawn at the earliest and our brothers and sisters living in rural areas will enjoy the same fruits as of those in urban areas.

There is economic recession and crisis in the whole world and our brothers and sisters in the important and mainstay of economy, that is agriculture, should not be left to fend for themselves. We should give a stimulus package to the agriculture like supply of good quality seeds, providing adequate irrigation facilities and ensuing continuous power supply and also providing attractive minimum support price for their products. I am sure the Government would look into these proposals.

I thank you very much for giving me this opportunity to participate in the discussion and I would like to reiterate my request for releasing the funds for Kuttanad are at the earliest.

